Upayogi Books

Upayogi Books

ebook.upayogiapps.com

मंत्र रहस्य

डॉ० नारायणदत्त श्रीमाली

226
श्रीमा/ना/मं

हिन्द पुस्तक भण्डार
खारी बावली, दिल्ली - 110006

मंत्र रहस्य

[साधकों, योगियों, साधुओ एवं गृहस्थ व्यक्तियों के लिए अत्यन्त लाभकारी रहस्य जिसके माध्यम से वे अपने जीवन को ऊर्ध्वमुखी बनाकर जीवन की पूर्णता प्राप्त कर सकेंगे।]

लेखक

डॉ० नारायणदत्त श्रीमाली

सम्पादक

कैलाशचन्द्र

हिन्द पुस्तक भण्डार

खारी बावली, दिल्ली - 110006

दो शब्द

भद्रं कर्णेभिः श्रृणुयाम देवा भद्रं पश्येमाक्षभिर्य जत्राः।
स्थरै रङ्गैः स्तुष्टुवां सस्तनू भिर्व्यशेम देवहितं यदायुः॥

यह समस्त ब्रह्माण्ड मन्त्र-आबद्ध है। जीवन की प्रत्येक हलचल मन्त्र-संचालित है। प्राणिमात्र का छोटे से छोटा कार्य मन्त्र-संबद्ध है, अतः जीवन में मन्त्रों के बिना प्राणि-अस्तित्व की कल्पना ही नहीं की जा सकती।

जब ब्रह्माण्ड का अणु-अणु मन्त्रबद्ध है, तो जीवन को भली भांति समझने के लिए मन्त्र के मूल रहस्य को समझना भी मानव का पुनीत और प्रथम कर्तव्य है, और इसी कर्त्तव्य-पूर्ति में यह ग्रन्थ पहला और अमिट चरण-चिह्न है।

इस पुस्तक की योजना बहुत पहले बन गई थी परन्तु अन्य कई कार्यों में व्यस्त रहने के कारण जितना ध्यान और समय इस ग्रन्थ के लेखन में दिया जाना चाहिए था, देना संभव नहीं रहा, फलस्वरूप ग्रन्थ की पूर्णता में विलम्ब होता गया।

यह ग्रन्थ मन्त्र शास्त्र का सांगोपांग अध्ययन देने में समर्थ है। इसमें सैद्धान्तिक एवं व्यावहारिक दोनों ही पक्षों का सम्यक् संयोजन करने का प्रयास किया गया है, जिससे साधक को एक ही स्थान पर पूरी और प्रामाणिक जानकारी मिल सके।

मुझे विश्वास है साधकों, योगियों, साधुओं एवं गृहस्थ व्यक्तियों के लिए यह पुस्तक अत्यन्त अनुकूल, सहायक एवं पथ प्रदर्शक बनेगी। इसके माध्यम से वे अपने जीवन को ऊर्ध्वमुखी बनाकर जीवन की पूर्णता प्राप्त कर सकेंगे।

सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः।
सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चिद् दुःख भाग्भवेत्॥

डॉ० श्रीमाली मार्ग,
हाई कोर्ट कॉलोनी, जोधपुर (राजस्थान)
दूरभाष-22209

—नारायणदत्त श्रीमाली

सम्पादकीय

भारतवर्ष ही नहीं अपितु विश्व के साधकों को मन्त्र-साधना के क्षेत्र में मार्ग-दर्शन हेतु एक ऐसे ग्रन्थ की नितान्त आवश्यकता थी जो उन्हें सम्यक् एवं समुचित ज्ञान दे सके, उन्हें सैद्धान्तिक पद्धति का मर्म बता सके और उनकी समस्याओं के निराकरण हेतु पथ-प्रदर्शन कर सके। सही शब्दों में देखा जाए तो यह ग्रन्थ इसकी पूर्ति के लिए ठोस एवं दृढ़ कदम है। मन्त्र शास्त्र के क्षेत्र में पहली बार इस ग्रन्थ के माध्यम से बहुत बड़े अभाव की पूर्ति हुई है, इसमें सन्देह नहीं।

इस ग्रन्थ की रूपरेखा लगभग दस वर्ष पहले बन गई थी जबकि साधकों की तरफ से बराबर इस प्रकार के पत्र प्राप्त होते थे जिससे कि उन्हें कोई ऐसा ग्रन्थ प्राप्त हो सके जिसमें मन्त्र-शास्त्र का वैज्ञानिक निरूपण हो और जिसमें व्यावहारिक तथा सैद्धान्तिक पक्ष का सम्यक् संयोजन हो। इसके लिए डॉ० श्रीमाली से बढ़कर और कौनसा व्यक्तित्व हो सकता था ? परन्तु वे इतने अधिक व्यस्त थे कि चाहते हुए भी इस ग्रन्थ-निर्माण में आगे कार्य नहीं हो सका।

मैंने इस ग्रन्थ की रूपरेखा बनाकर उनके सामने प्रस्तुत की और निवेदन किया कि जब भी आपको समय मिले, आप मुझे व्याख्यान दें जिससे कि मैं उसे लिपिबद्ध कर सकूं। परन्तु फिर भी काफी समय यों ही बीत गया। मैं स्वयं देख रहा था कि वे इतने अधिक व्यस्त हैं कि चाहते हुए भी समय नहीं निकल पा रहा है।

इस बीच अनेक साधुओं, संन्यासियों, गृहस्थ शिष्यों तथा साधकों के द्वारा यह मांग बराबर जोर पकड़ती गई कि मन्त्र-शास्त्र के क्षेत्र में इस प्रकार के ग्रन्थ की नितान्त आवश्यकता है। अतः जब बहुत अधिक दबाव और आग्रह प्रस्तुत हुआ तो उन्होंने समय निकालकर थोड़ा-थोड़ा लिखने का प्रयास किया, साथ ही साथ समय मिलने पर मुझे भी लिपिबद्ध कराते गए।

एक बार पूरा ग्रन्थ लिखने के बाद भी उन्हें सन्तोष नहीं हुआ ! वे इसे पूर्ण तथा सांगोपांग बनाना चाहते थे। अतः काफी सामग्री निकाल दी गई और कुछ नई सामग्री लिखी गई जिससे कि उन साधकों की आवश्यकताओं की पूर्ति हो सके।

श्रीमाली जी चाहते थे कि यह ग्रन्थ केवल साधकों के लिए ही उपयोगी न हो; अपितु गृहस्थ व्यक्ति भी इससे पूरा-पूरा लाभ उठा सकें। यही नहीं, अपितु साधना के क्षेत्र में पहुंचे हुए योगियों के लिए यह ग्रन्थ जिस प्रकार लाभदायक हो उसी प्रकार

साधना के क्षेत्र में पहली बार प्रवेश करने वाले साधकों के लिए भी उतना ही उपयोगी हो। इस प्रकार इस ग्रन्थ का निर्माण इस प्रकार से हुआ है कि यह सभी के लिए अनुकूल तथा सहयोगी हो सका है।

ग्रन्थ के अन्त में मन्त्र और उनकी विधि देकर ग्रन्थ की उपयोगिता बहुत अधिक बढ़ा दी है। पहली बार मन्त्र, उसका स्वरूप, विनियोग और उसकी विधि स्पष्ट की गई है।

यद्यपि यह बात सही है कि बिना गुरु के मन्त्र-शास्त्र का ज्ञान संभव नहीं है; क्योंकि मन्त्र मूल रूप से ध्वन्यात्मक है और ध्वनि का ज्ञान गुरुमुख से ही संभव है। परन्तु यह ग्रन्थ उन साधकों को रास्ता दिखा सकता है, मन्त्र-शास्त्र से परिचित करा सकता है। यदि उनमें लगन होगी तो निश्चय ही वे इस क्षेत्र में आगे बढ़कर सफलता प्राप्त कर सकेंगे।

साधकों को चाहिए कि वे सीधे ही मन्त्र का प्रयोग या अनुष्ठान प्रारम्भ न करें। उन्हें अपने गुरु से सम्यक् ज्ञान प्राप्त कर लेना चाहिए। यद्यपि एक मन्त्र और उससे संबंधित अनुष्ठान को पूर्ण करने के लिए बहुत अधिक विधि-विधान की आवश्यकता होती है। उसका ध्वन्यात्मक ज्ञान गुरु के द्वारा ही संभव है। अतः साधक को चाहिए कि वे गुरु के चरणों में बैठकर अपने अनुकूल साधना या मन्त्र का चयन कर उस क्षेत्र में सफलता प्राप्त करें।

मुझे विश्वास है यह ग्रन्थ प्रत्येक साधक के लिए वरदान स्वरूप होगा और इसके माध्यम से वे अपनी इच्छाओं की पूर्ति कर सकेंगे।

—कैलाशचन्द्र

अनुक्रम

स्वस्तिवाचन 17-18

प्रवेश 19-82

मन्त्र 83-99

वर्ण 84, वर्ण प्रभाव 86, वर्ण ध्यान 88, वर्णों के देवता, रूप एवं शक्ति 89, वर्णों के ऋषि एवं छन्द 91, वर्ण वर्ग, नक्षत्र 92, वर्गीकरण 93, मन्त्र 94, ध्वनि 95, मन्त्रों की आत्मा 96, मन्त्र स्वरूप 97, मन्त्र सामर्थ्य 98

अन्तश्चेतना 100

आसन 101-106

स्वस्तिकासन 101, समासन 102, सिद्धासन 102, पद्मासन 104

आधार 107-118

मूलाधार चक्र 108, स्वाधिष्ठान चक्र 108, मणिपूर चक्र 109, सूर्य चक्र 110, चन्द्रचक्र 112, अनाहत चक्र 113, विशुद्ध चक्र 113, आज्ञा चक्र 114, सहस्रार चक्र 115

अष्टांग योग 119-122

यम 119, नियम 120, आसन 121

मुद्रा 123-138

नित्य पूजा मुद्राएं 123, सन्ध्या मुद्राएं 124, अंगन्यास मुद्राएं 126, करन्यास मुद्राएं 127, जीवन्यास मुद्राएं 128, देवोपासना की मुद्राएं 129, भोजन मुद्रा 129, पंचदेव मुद्राएं 129, शक्ति मुद्राएं 130, महाकाली मुद्राएं 130, महालक्ष्मी मुद्राएं 130, तारा मुद्राएं 130. त्रिपुरा मुद्राएं 130, भुवनेश्वरी मुद्राएं 130, शक्ति चालिनी मुद्रा 131, योनि मुद्रा 131, खेचरी मुद्रा 131

बंध : मूलबंध, जालंधर बंध, उड्डियान बंध 131, महाबंध 132

प्राणायाम : रेचक 132, पूरक, 132, कुंभक 132, प्रत्याहार 132, धारणा 133, ध्यान 133, अष्ट सिद्धियां 133, समाधि 134, अन्तश्चेतना जागरण 134, साधना 135

मन्त्र-अंग : भक्ति 136, शुद्धि 137, आसन 137, पंचांग सेवन 137,

आचार 137, तर्पण 137, धारणा 137, दिव्यदेश साधन 137 प्राण-क्रिया 137, मुद्रा 137, तर्पण 137, हवन 137, बलि 137, योग 137, जप 137, ध्यान 138, समाधि 138

साधना 139-148

साधना क्या है 139, साधना के केन्द्र 139, साधना के अंग 140, साधकों के कृत्य 140, निद्रा त्याग 140, स्नान 140, स्नान दोष निवारण 141, यज्ञोपवीत धारण विनियोग 141, यज्ञोपवीत धारण मन्त्र 142, जीर्ण यज्ञोपवीत त्याग मन्त्र 142, आसन 142, आसन पूजा 142, कार्यानुसार आसन 143, दिशा विचार 144, तिलक किन-किन अंगों पर 146, चन्दन लगाने का मन्त्र 146, भस्म लगाने का मन्त्र 145, तिलक करने का सामान्य मन्त्र 146, सन्ध्या कब करे 146 सन्ध्या स्थान 147

पूजा 149-158

अठारह उपचार 149, षोडशोपचार 149, दसोपचार 149, पंचोपचार 149, सामान्य पूजा-विधि 149, पंचगव्य प्रमाण 150, माला-संस्कार 150, करमाला 150, शक्ति अनुष्ठान 151, लक्ष्मी अनुष्ठान 151, वर्ण माला 151, मणि माला 152, माला-चयन 154, पुष्प 154, त्याज्य पुष्प 154, सावधानियां 155, जप 156, मुद्रा 157, विशिष्ट मुद्राएं 158, प्रधान मुद्राएं 158

मन्त्र-सिद्धि 159-163

चार पीठिकाएं 159, दीक्षा : क्रियावती 160, वर्णमयी 160, कलावती 160, वेधमयी 161, पंचायतनी 161, क्रमदीक्षा 161, भूत-शुद्धि 162

मन्त्र अनुष्ठान 164-179

मन्त्र की महिमा 164, मन्त्रों के अधिष्ठाता देवता 164, मन्त्र संज्ञा 165, मन्त्र प्रयोग 165

मन्त्र भेद : पल्लव 166, योजन 166, रोध 166, पर 166, सम्पुट 166, विदर्भ 166

मन्त्रों में ध्वनि-प्रयोग 166, षट्कार्यों में आसन प्रयोग 167, तन्त्र कार्यों में आसन प्रयोग 167, मन्त्र अनुष्ठान 167, अन्य तथ्य 168, मानस-जप 170, मन्त्र-सिद्धि 170, नियम 171, मन्त्र साधन गोपनीयता 171, साधना ज्योतिष परिप्रेक्ष्य में 171, साधना प्रारम्भ में शुभ समय-ज्ञान 173, सिद्धियां : अणिमा 175, महिमा 175, लघिमा 175, प्राप्ति 175, प्राकाम्य 176, ईशिता 176, वशिता 176, ख्याति 176

गौण सिद्धियां : अनूर्मि 176, दूर श्रवण सिद्धि 176, दूर दर्शन सिद्धि 176, मनोजव सिद्धि 176, काम रूप सिद्धि 176, परकाय प्रवेश 176,

स्वच्छन्द मरण 176, देवक्रीडानुदर्शन 176, यथासंकल्प संसिद्धि 176, अप्रतिहत गति 176

क्षुद्र सिद्धियां : त्रिकालज्ञता 177, अद्वन्द्वता 177, परचिताज्ञभिज्ञता 177, प्रतिष्टम्भ 177, अपराजय 177

शक्तिपात 177, स्पर्श दीक्षा 179, दृग्दीक्षा 179, ध्यान दीक्षा 179

मन्त्र-संस्कार **180-213**

दस महाविद्याएं 180, कुलाकुल चक्र 181, राशिचक्र 181, नक्षत्रचक्र 182, अकडम चक्र 184, अकथह चक्र 185, ऋणी-धनी चक्र 186, मास 187, पक्ष 188, तिथि 188, वार 188, नक्षत्र 188, योग 188, करण 188, लग्न 189, मन्त्र स्थान 189, आसन 189, मन्त्र भेद 190, पुरुष-स्त्री मन्त्र 190, मन्त्र के दोष 191

मन्त्रों के संस्कार : जनन 192, दीपन 192, बोधन 193, ताडन 193, अभिषेक 193, विमलीकरण 193, जीवन 193, तर्पण 193, गोपन 193, आप्यायन 193

मन्त्र दोष : अभक्ति 193, अक्षर-भ्रांति 194, लुप्त 194, छिन्न 194, ह्रस्व 194, दीर्घ 194, कथन 194, स्वप्न-कथन 194, कूर्म-चक्र 194

मन्त्र-जप-अंग : मन्त्र 196, मन्त्रशिखा 196, मन्त्रचैतन्य 196, मन्त्रार्थ 197, मन्त्र-भावना 200, गुरु-ध्यान 200, इष्ट ध्यान 202, कुल्लुका 202, महासेतु 203, कवचसेतु 203, निर्वाण 204 बन्धन 204, योनि मुद्रा 204, करन्यास 204, अंगन्यास 204, प्राणायाम 204, मुखशुद्धि 204, प्राण-योग 205, दीपन 205, सूतकद्वय मोक्षण 205, मध्य दृष्टि 206, अनुलोम-विलोम वर्ण मातृका 206 पुरश्चरण 206, भोजन 206, भोजन में निषिद्ध वस्तुएं 206

पुरश्चरण नियम-पालन : भूमि शैया 206, ब्रह्मचर्य 206 मौन 207, गुरु-सेवा 207, स्नान 207, पूजा 207, दान 207, कीलन-उत्कीलन 207

मन्त्र-सिद्धि के उपाय : भ्रामण 211, रोधन 211, वश्य 211, पीडन 211, पोषण 211, शोषण 211, दाहन 212, शांति पाठ 212, शांति स्तोत्र 212

विशिष्ट ज्ञातव्य तथ्य **214-231**

योनिमुद्राबन्ध 214, प्रणव किसे कहते हैं 214, प्रणव कहां लगाना चाहिए 214, प्रणव कहां नहीं लगाना चाहिए 214, ॐकार कहां लगाना चाहिए 214, किस कर्म में क्या लगावें 215, मानसिक जप 215, पूजा कब करे 216, जप काल में निषेध 216, जप काल में पवित्री धारण 216, जप संख्या साधन 216, स्तोत्र पाठ 217, देव-स्पर्श 217, घर में मूर्ति 217, पुष्प 218, दीप पूजा 218, षट्कर्म 218, षट्कर्म

देवता एवं दिशा 218, षकट्र्म काल 219, षट्कर्म दैनिक ऋतु 219, षट्कर्म तिथि, वार नक्षत्र, लग्नादि 219, मन्त्रों के अधिष्ठाता देवता 220, पल्लव मन्त्र 220, योजन मन्त्र 220 रोध मन्त्र 220, पर मन्त्र 220, सम्पुट मन्त्र 220, विदर्भ मन्त्र 220 हूं फट् प्रयोग 220, स्त्री, पुरुष. नपुंसक मन्त्र 221, षट् कर्म आसन 221, षट् मुद्रा 221, षट् देव ध्यान 221, षट् कर्म कुंभ 221, माला-निर्णय 221, माला-विचार 222, जपांगुली-विचार 222, जप दिशा 222, जप विचार 223, षट् कर्म होमकुंड 223, षट्कर्म हवन सामग्री 223, अग्निजिह्वा 223, अग्नि नाम 224, स्रुकस्रुव 224, मन्त्र प्रारम्भ लग्न 224, मन्त्र जप के लिए ब्राह्मण कैसे हों 224, त्याज्य ब्राह्मण 225, जप करते समय मुंह किधर हो 225, निषिद्ध आसन 225, आसन 225, माला 226, माला-संस्कार 226, माला वस्त्र से आच्छादित 226, जप नियम 226, पंचामृत 227, गंध अंगुली विचार 227, अष्ट गंध 227. वर्ज्य पदार्थ 227, धूप दीप-स्नान 227, नैवेद्य 227, साष्टांग नमस्कार 227, नवधा भक्ति 228, प्रदक्षिणा विचार 228, यज्ञकाष्ठ विचार 228, अग्नि 228, कर्म विशेष में अग्निनाम 228, अग्नि सप्त जिह्वा नाम 229, होम में वर्ज्य समिधाएं 229, अग्नि स्वरूप 229, अग्नि सम्मुख 229, शाकल्य प्रमाण 229, पूर्णाहुति विचार 229, वह्नि चैतन्य मन्त्र 229, मन्त्र पल्लव 230, मन्त्र कीलन 230, मन्त्र-उत्कीलन 230, मन्त्र-सिद्धि-साधन 230, मन्त्र जप समय में छींक दोष परिहार 230, मन्त्र सिद्ध लक्षण 230, षोडशोपचार 231, पंचोपचार 231, सर्वमान्य गुरु ध्यान 231, षष्ठाक्षर गणेश मन्त्र 231, गणेश विनियोग 231, गणेश ध्यान 231, गायत्री स्वरूप 231, गायत्री विनियोग 231, शिखा कहां-कहां बांधनी चाहिए 231

गणपति 232-235

सिद्ध लक्ष्मी गणपति 232, मंगल के लिए 234, समस्त प्रकार की रक्षा के लिए 234, लक्ष्मी-प्राप्ति हेतु 235

बीजयुक्त श्रीसूक्त 236-269

विधि 238, विनियोग 238, ऋष्यादिन्यास 239, करन्यास 239, अंगन्यास 240, ध्यान 240, श्रीसूक्त पाठ 241, लक्ष्मीसूक्त 242, पाठफल 242, मन्त्र 243, षोडशोपचार पूजन 24, क्षमा-याचना 243 बीजोक्त श्रीसूक्त 244, सोलह श्लोकों के विनियोग, ऋष्यादिन्यास, करन्यास, षडंगन्यास, ध्यान, मन्त्र 244-269

बीजयुक्त लक्ष्मी सूक्त 270-272

दारिद्रय विनाशक धनदा प्रयोग 273-279

दारिद्रय नाश : ऋष्यादिन्यास 275, करन्यास 275, षडंगन्यास 275, ध्यान 276, मन्त्र 276

सिद्ध लक्ष्मी : करन्यास 276, हृदयादिन्यास 276, ध्यान 277

धनदा : विनियोग 278, ऋष्यादिन्यास 278, करन्यास 278, षडंगन्यास 278, ध्यान 279, मन्त्र 279

सिद्ध सम्पुट मन्त्र 280-374

पूर्ण मन्त्र 281

काली मन्त्र : भूतशुद्धि 281, काली ध्यान, 281, काली यन्त्र 281, काली मन्त्रोद्धार 281, मन्त्र 282

तारा मन्त्र : तारा ध्यान 282, तारा यन्त्रोद्धार 283, तारा मन्त्रोद्धार 283, मन्त्र 283

षोडशी मन्त्र : षोडशी ध्यान 284, षोडशी यंत्रोद्धार 284, षोडशी मन्त्रोद्धार 284, मन्त्र 285

भुवनेश्वरी मन्त्र : भुवनेश्वरी ध्यान 285, भुवनेश्वरी यंत्रोद्धार 286, भुवनेश्वरी मन्त्रोद्धार 286, मन्त्र 286, मन्त्रफल 286

छिन्नमस्ता मन्त्र : छिन्नमस्ता ध्यान 286, छिन्नमस्ता यंत्रोद्धार 287, छिन्नमस्ता मंत्रोद्धार 287, मंत्र 287, मन्त्रफल 288

त्रिपुरभैरवी मन्त्र : त्रिपुरभैरवी ध्यान 289, त्रिपुरभैरवी यंत्रोद्धार 289, त्रिपुरभैरवी मन्त्रोद्धार 289, मन्त्र 289, मन्त्रफल 289

धूमावती मन्त्र : धूमावती ध्यान 289, धूमावती यंत्रोद्धार 289, धूमावती मन्त्रोद्धार 289, मन्त्र 289, मन्त्रफल 290

बगलामुखी मन्त्र : बगलामुखी ध्यान 291, बगलामुखी यंत्रोद्धार 292, बगलामुखी मन्त्रोद्धार 292, मन्त्र 292, मन्त्रफल 292

मातंगी मन्त्र : मातंगी ध्यान 292, मातंगी यंत्रोद्धार 291, मातंगी मंत्रोद्धार 293, मन्त्र 293, मन्त्रफल 293

कमला मन्त्र : कमलात्मिका ध्यान 295, कमलात्मिका यंत्रोद्धार 295, कमलात्मिका मन्त्रोद्धार 295, मन्त्र 295, मन्त्रफल 295

दुर्गा मन्त्र : दुर्गा ध्यान 295, दुर्गा यंत्रोद्धार 295, दुर्गा मन्त्रोद्धार 296, मन्त्र 296, मन्त्रफल 296

शिव मन्त्र : शिव ध्यान 297, शिवयंत्रोद्धार 297, शिवमन्त्रोद्धार, 297, मन्त्र 298, मन्त्रफल 298,

गणेश मन्त्र : गणेश ध्यान 299, गणेश यंत्रोद्धार 299, गणेश मन्त्रोद्धार 299, मन्त्र 299, मन्त्रफल 299

सूर्य मन्त्र : सूर्य ध्यान 299, सूर्य यंत्रोद्धार 299, सूर्य मन्त्रोद्धार 300, मन्त्र 300, मन्त्रफल 300
विष्णु मन्त्र : विष्णु ध्यान 301, विष्णु यंत्रोद्धार 301 विष्णु मन्त्रोद्धार 301, मन्त्र 301, मन्त्रफल 301
षडक्षर वक्रतुण्ड मन्त्र : विनियोग 302, ध्यान 302, वक्रतुण्डगणेश यन्त्र 302, मन्त्र 302, मन्त्रफल 302
एकत्रिंशदक्षर वक्रतुण्ड मंत्र : विनियोग 302, ध्यान 302, मन्त्र 302,
उच्छिष्ट गणपति नवार्ण मन्त्र : विनियोग, ध्यान, मन्त्र, मन्त्रफल 303
शक्ति विनायक मन्त्र : विनियोग, ध्यान, मन्त्र 303, मन्त्रफल 304
लक्ष्मी विनायक मन्त्र : विनियोग, ध्यान, मन्त्र, मन्त्रफल 304
त्रैलोक्यमोहन कर गणेश मन्त्र : विनियोग, ध्यान 304, मन्त्र, मन्त्रफल 305
ऋणहर्ता गणेश मन्त्र : विनियोग, ध्यान, मन्त्र, मन्त्रफल 305
हरिद्रा गणेश मन्त्र : विनियोग, ध्यान, मन्त्र, मन्त्रफल 306
सिद्धि विनायक मन्त्र : विनियोग, ध्यान, मन्त्र, मन्त्रफल 306
शिव पंचाक्षरी मन्त्र : विनियोग, ध्यान 307, मन्त्र, मन्त्रफल 308
अष्टाक्षरी शिव मन्त्र : विनियोग, ध्यान, मन्त्र, मन्त्रफल 308
त्र्यक्षर मृत्युञ्जय मन्त्र : विनियोग 308, ध्यान, मन्त्र, मन्त्रफल 309
त्र्यम्बक मन्त्र : विनियोग 309, ध्यान 309, मन्त्र 309 मन्त्रफल 309
महामृत्युञ्जय मन्त्र : विनियोग, ध्यान, मन्त्र, मन्त्रफल 310
रुद्र मन्त्र : विनियोग 311, ध्यान 311, मन्त्र 311, मन्त्रफल 311
त्वरित रुद्र मत्र : विनियोग 311, ध्यान 311, मन्त्र 311, मन्त्रफल 312
विष्णु मन्त्र : विनियोग 312, ध्यान 312, मन्त्र 312, मन्त्रफल 312
द्वादशाक्षर विष्णु मन्त्र : विनियोग 312, ध्यान, मन्त्र, मन्त्रफल 313
राम मन्त्र : विनियोग 313, ध्यान 313, मन्त्र 313, मन्त्रफल 313
दशाक्षर राम मन्त्र : विनियोग, ध्यान 313, मन्त्र, मन्त्रफल 314
कृष्ण मन्त्र : विनियोग 314, ध्यान 314, मन्त्र 314, मन्त्रफल 314
लक्ष्मीनारायण मन्त्र : विनियोग 314, ध्यान 314, मन्त्र, मन्त्रफल 315
नृसिंह मन्त्र : विनियोग 315, ध्यान 315, मन्त्र 315, मन्त्रफल 315
वाराह मन्त्र : विनियोग 315, ध्यान 316, मन्त्र 316, मन्त्रफल 316
सूर्य मन्त्र : विनियोग 316, ध्यान 316, मन्त्र 316, मन्त्रफल 316
हनुमान मन्त्र : विनियोग 317, ध्यान 317, मन्त्र 317, मन्त्रफल 317
हनुमान अष्टादशाक्षर मन्त्र : विनियोग, ध्यान 317, मन्त्र, मन्त्रफल 318
द्वादशाक्षर हनुमान मन्त्र : ध्यान 318, मन्त्र 318, मन्त्रफल 318
द्वादशाक्षर वीर साधन मन्त्र : ध्यान 319, मन्त्र 319, मन्त्रफल 319
चतुर्दशाक्षर हनुमान मन्त्र : मन्त्र 319, मन्त्रफल 319

आपत्ति उद्धारक बटुक मन्त्र : मन्त्र 320, मन्त्रफल 320
स्वर्णाकर्षण भैरव मन्त्र : विनियोग 320, ध्यान, मन्त्र, मन्त्रफल 321
क्षेत्रपाल मन्त्र : विनियोग 321, ध्यान 321, मन्त्र 322, मन्त्रफल 322
कामदेव बीज मन्त्र : विनियोग, ध्यान, मन्त्र, मन्त्रफल 322
वरुण मन्त्र : विनियोग 322, ध्यान 323, मन्त्र 323, मन्त्रफल 323
कुबेर मन्त्र : विनियोग 323, ध्यान 323, मन्त्र 323, मन्त्रफल 323
षोडशाक्षर कुबेर मन्त्र : मन्त्र 323
चन्द्र मन्त्र : विनियोग 324, ध्यान 324, मन्त्र 324, मन्त्रफल 324
मंगल मन्त्र : विनियोग 324, ध्यान 324, मन्त्र 324, मन्त्रफल 324
गुरु मन्त्र : विनियोग 325, ध्यान 325, मन्त्र 325, मन्त्रफल 325
शुक्र मन्त्र : विनियोग 325, ध्यान 325, मन्त्र 325, मन्त्रफल 325
धर्मराज मन्त्र : मन्त्र 326, मन्त्रफल 326
चित्रगुप्त मन्त्र : मन्त्र 326
घंटाकर्ण मन्त्र : मन्त्र 326, मन्त्रफल 326
कार्तवीर्यार्जुन मन्त्र : विनियोग, ध्यान 326, मन्त्र, मन्त्रफल 327
हरिवाहन गरुड़ मन्त्र : विनियोग 327, ध्यान 327, मन्त्र, मत्रफल 327
चरणायुध मन्त्र : विनियोग 327, ध्यान 328, मन्त्र 328, मन्त्रफल 328
सन्तान गोपाल मन्त्र : विनियोग, ध्यान, मन्त्र, मन्त्रफल 328
पुत्र-प्राप्ति मन्त्र : मन्त्र 328, मन्त्रफल 329
विविध गायत्री मन्त्र : हंस गायत्री मन्त्र 329, ब्रह्म गायत्री मन्त्र 329, सरस्वती गायत्री मन्त्र 329, विष्णु गायत्री मन्त्र 329, त्रैलोक्य मोहन गायत्री मन्त्र 329, लक्ष्मी गायत्री मन्त्र 329, नारायण गायत्री मन्त्र 329, राम गायत्री मन्त्र 329, जानकी गायत्री मन्त्र 329, लक्ष्मण गायत्री मन्त्र 330, हनुमान गायत्री मन्त्र 330, गरुड़ गायत्री मन्त्र 330, कृष्ण गायत्री मन्त्र 330, गोपाल गायत्री मन्त्र 330, राधिका गायत्री मन्त्र 330, परशुराम गायत्री मन्त्र 330, नृसिंह गायत्री मन्त्र 330, शिव गायत्री मन्त्र 330, रुद्र गायत्री मन्त्र 330, गौरी गायत्री मन्त्र 331, गणेश गायत्री मन्त्र 331, षण्मुख गायत्री मन्त्र 331, नन्दी गायत्री मन्त्र 331, सूर्य गायत्री मन्त्र 431, चन्द्र गायत्री मन्त्र 331, भौम गायत्री मन्त्र 331, पृथ्वी गायत्री मन्त्र 331, अग्नि गायत्री मन्त्र 331, जल गायत्री मन्त्र 331, आकाश गायत्री मन्त्र 332, वायु गायत्री मन्त्र 332, इन्द्र गायत्री मन्त्र 332, काम गायत्री मन्त्र 332, गुरु गायत्री मन्त्र 332, तुलसी गायत्री मन्त्र 332, देवी गायत्री मन्त्र 332, शक्ति गायत्री मन्त्र 332, अन्नपूर्णा गायत्री मन्त्र 332, काली गायत्री मन्त्र 332, तारा गायत्री मन्त्र 333, त्रिपुर सुन्दरी गायत्री मन्त्र 333, भुवनेश्वरी गायत्री मन्त्र 333, भैरवी गायत्री मन्त्र 333,

छिन्नमस्ता गायत्री मन्त्र 333, धूमावती गायत्री मन्त्र 333, बगलामुखी गायत्री मन्त्र 333, मातंगी गायत्री मन्त्र 333, महिषमर्दिनी गायत्री मन्त्र 333, त्वरिता गायत्री मन्त्र 333
दुर्गाष्टाक्षर मन्त्र : विनियोग 334, ध्यान 334, मन्त्र 334, मन्त्रफल 334
नवार्ण मन्त्र : विनियोग 334, मन्त्र 334
नवार्ण भेद मन्त्र : मारण 335, मोहन 335, उच्चाटन 336, वशीकरण 336, स्तम्भन 336, विद्वेषण 336, नवार्ण महामन्त्र 336
दुर्गस्मृता मन्त्र : विनियोग 337, मन्त्र 337, मन्त्रफल 337
दक्षिण काली मन्त्र : विनियोग, ध्यान, मन्त्र, मन्त्रफल 338
भद्रकाली मन्त्र : मन्त्र 338, मन्त्रफल 338
श्मशान काली मन्त्र : मन्त्र 338, मन्त्रफल 338
पंचाक्षर मन्त्र : मन्त्र 338, मन्त्रफल 338
नील सरस्वती मन्त्र : विनियोग 338, मन्त्र 339, मंत्रफल 339
सरस्वती मन्त्र : विनियोग 339, ध्यान 339, मन्त्र 339, मन्त्रफल 339
वाग्देवी मन्त्र : मन्त्र 339
विद्या मन्त्र : मन्त्र 339, मन्त्रफल 339
एकाक्षरी सरस्वती मन्त्र : मन्त्र 340, मन्त्रफल 340
षोडशी मन्त्र : विनियोग 340, मन्त्र 340, मन्त्रफल 340
बाला त्रिपुरा मन्त्र : विनियोग, ध्यान, मन्त्र, मन्त्रफल 341
भुवनेश्वरी मन्त्र : विनियोग, ध्यान, मन्त्र, मन्त्रफल 341
त्र्यक्षरात्मक भुवनेश्वरी मन्त्र : मन्त्र 341
त्रिपुर भैरवी मन्त्र : विनियोग, ध्यान, मन्त्र, मन्त्रफल 342
छिन्नमस्ता मन्त्र : विनियोग, ध्यान, मन्त्र 342, मन्त्रफल 343
धूमावती मन्त्र : विनियोग 343, ध्यान 343, मन्त्र 343, मन्त्रफल 343
बगलामुखी मन्त्र : विनियोग 343, ध्यान 343, मन्त्र, मन्त्रफल 344
मातंगी मन्त्र : विनियोग 344, ध्यान 344, मन्त्र 344, मन्त्रफल 344
लक्ष्मी बीज मन्त्र : विनियोग 344, ध्यान 344, मन्त्र 345, मंत्रफल 345
चतुरक्षर लक्ष्मी बीज मन्त्र : ध्यान 345, मन्त्र 345
दशाक्षर लक्ष्मी मन्त्र : ध्यान 345, मन्त्र 345
महालक्ष्मी मन्त्र : विनियोग 345, ध्यान 346, मन्त्र 346
द्वादशाक्षर महालक्ष्मी मन्त्र : मन्त्र 346
सिद्ध लक्ष्मी मन्त्र : विनियोग, ध्यान, मन्त्र, मन्त्रफल 347
ज्येष्ठा लक्ष्मी मन्त्र : विनियोग 347, ध्यान, मन्त्र, मन्त्रफल 348
वसुधा लक्ष्मी मन्त्र : विनियोग, ध्यान, मन्त्र, मन्त्रफल 348
वार्ताली मन्त्र : विनियोग 349, ध्यान 349, मन्त्र 349, मन्त्रफल 349

महिषमर्दिनी मन्त्र : विनियोग, ध्यान 349, मन्त्र, मन्त्रफल 350
रेणुका शबरी मन्त्र : विनियोग, ध्यान, मन्त्र, मन्त्रफल 350
अन्नपूर्णा मन्त्र : विनियोग 350, ध्यान 350, मन्त्र 351, मन्त्रफल 351
पृथ्वी मन्त्र : विनियोग 351, मन्त्र 351, मन्त्रफल 351
मणिकर्णिका मन्त्र : विनियोग 351, मन्त्र 351, मन्त्रफल 352
शीतला मन्त्र : विनियोग 352, मन्त्र 352
ज्वालामुखी मन्त्र : मन्त्र 352, मन्त्रफल 352
स्वप्न सिद्धि मन्त्र : विनियोग 352, मन्त्र 352
स्वप्नेश्वरी मन्त्र : विनियोग 353, ध्यान 353, मन्त्र 353, मन्त्रफल 353
स्वप्न देवी मन्त्र : मन्त्र 353
स्वप्न चक्रेश्वरी मन्त्र : मन्त्र 353, मन्त्रफल 353
हनुमान मन्त्र : मन्त्र 354, मन्त्रफल 354
चन्द्र योगिनी मन्त्र : मन्त्र 354, मन्त्रफल 354
स्वप्न मातंगी मन्त्र : मन्त्र 354, मन्त्रफल 354
घंटाकर्णि मन्त्र : मन्त्र 354, मन्त्रफल 354
कर्ण पिशाचिनी मन्त्र : 355, मन्त्रफल, कर्ण पिशाचिनी अन्य मन्त्र 355
स्वप्न मुसलमानी मन्त्र : मन्त्र 355, मन्त्रफल 355
वागीश्वरी मन्त्र : मन्त्र 355, चित्रेश्वरी मन्त्र 356, कीर्तीश्वरी मन्त्र 356
अंतरिक्ष सरस्वती मन्त्र : मन्त्र, नीला मन्त्र, घट सरस्वती मन्त्र 356
यक्षिणी साधना मन्त्र : विचित्रा 356, विभ्रमा 356, हंसी 356, भिक्षिणी 356, जन-रंजिनी 357, विशाला 357, मदना 357, घंटा 357, कालकर्णी 357, महामाया 357, माहेन्द्री 357, शंखिनी 357, चंद्रिका 357, श्मशानी 357, वट 358, मेखला 358, लक्ष्मी 358, मानिनी 358, शतपतिया 358, सुलोचना 358, सुशोभना 358, कपालिनी 358, विलासिनी 358, नटी 358, कामेश्वरी 358, स्वर्णरेखा 359, सुर-सुन्दरी 359, मनोहरा 359, प्रमदा 359, अनुरागिणी 359, नखकेशिका 359, नेमिनि 359, पद्मिनी 359, स्वर्णावती 359, रतिप्रिया 359, कुबेर 359, विल्व 359, चंद्रद्रवा वट 359, धनदा 360, पुत्रदा 360, अशुभ क्षयकारी 360, विद्यादात्री 360, जयार्क 360, संतोषा 360, राज्यदा तुलसी 360, राज्यदा कोल 360, कुश 360 अपामार्ग 360, क्षीरार्णवा 360, चंद्रामृत 360, स्वामीश्वरी 361, महामायाभोग 361, त्यागा 361, उच्छिष्ट 360, सर्वाङ्ग सुलोचना 361, भूतलोचना 361, जलपाणि 361, मातंगेश्वरी 361, विद्या 361, कुमारी 361, बंदी 361
अष्ट अप्सरा आवाहन मन्त्र : शशि 361, तिलोत्तमा 361, कांचनमाला, कुंडला, रत्नमाला, रम्भा, उर्वशी, भूषणा 362

अष्ट किनारी मन्त्र : मंजुघोषा, मनोहारी, सुभगा, विशालनेत्री, सुरति प्रिया, अश्वमुखी 362, दिवाकीर 363
कात्यायनी मन्त्र : सुभग कात्यायनी 363, कुंडल कात्यायनी 363, चंद्र-कात्यायनी 363, रुद्र कात्यायनी 363, महाकात्यायनी 363, सुर कात्यायनी 363
कर्ण पिशाचिनी मन्त्र : ध्यान 363, मन्त्र 363, मन्त्रफल 364,
सिद्ध कर्ण पिशाचिनी मन्त्र : विनियोग 365, ध्यान 365, मन्त्र 365, मन्त्रफल 365
अन्य कर्ण पिशाचिनी मन्त्र : 365, 366
वार्ताली मन्त्र : मन्त्र 366, मन्त्र फल 366
विप्रचाण्डालिनी मन्त्र : मन्त्र 366, मन्त्रफल 366
क्षोभिणी मन्त्र : मन्त्र 367, मन्त्रफल 367
प्रेत साधन मन्त्र : मन्त्र 367, मन्त्रफल 367
चेटक मन्त्र : यक्षिणी चेटक 367, लिंग चेटक 367, नाना सिद्धि चेटक 367, सागर चेटक 368, काली चेटक 368, फेत्कारिणी चेटक 368, रतिराज चेटक 368, शतयोजन दृष्टि चेटक 368, तस्कर ग्रहण चेटक 369, चौर्य चेटक 369, गुप्त वार्ता लक्ष्य चेटक 369 स्वर्ण सिद्धि मन्त्र 369, अदृश्य विधान मन्त्र 369, प्रत्यंगिका मन्त्र 370, चोरी न हो मन्त्र 370, भूत उपद्रव नाश मन्त्र 370, नजर झाड़ने का मन्त्र 371, ज्वर दूर करने का मन्त्र 371, सुख प्रसव मन्त्र 371, बिच्छू झाड़ने का मन्त्र 371, सर्प झाड़ने का मन्त्र 372, शत्रु पीड़ा कारक मन्त्र 372, शत्रु को पागल करने का मन्त्र 372, शत्रु गृह कलह कारक मन्त्र 372, विक्रय रोधन मन्त्र 372, शत्रु मारण मन्त्र 373, मुख स्तंभन मन्त्र 373, वशीकरण मन्त्र 373, विचित्र मन्त्र 373

उपसंहार 375-380

स्वस्तिवाचन

ओम स्वस्ति नो मिमीतामश्विना भगः
स्वस्ति देव्यदितिरनर्वणः। स्वस्ति पूषा
असुरो दधातु नः स्वस्ति द्यावापृथिवी सुचेतुना
स्वस्तये वायुमुप ब्रवामहै सोमं स्वस्ति
भुवनस्य यस्पतिः। बृहस्पतिं सर्वगणं स्वस्तये
स्वस्तय आदित्यासो भवन्तु नः।
विश्वे देवा नो अद्या स्वस्तये वैश्वानरो
वसुरग्निः स्वस्तये। देवा अवन्त्वृभवः स्वस्तये
स्वस्ति नो रुद्रः पात्वंहसः।
स्वस्ति मित्रावरुणा स्वस्ति पथ्ये रेवति।
स्वस्ति न इन्द्रश्चाग्निश्च स्वस्ति नो अदिते कृधि
स्वस्ति पन्थामनुचरेम सूर्याचन्द्रमसाविव।
पुनर्ददताघ्नता जानता संगमेमहि।
ऋग्वेद : ५.५१.११.१२.१३.१४.१५

ओम् द्यौः शान्तिरन्तरिक्ष ँ शान्तिः
पृथिवी शान्तिरापः शान्तिरोषधयः शान्तिः।
वनस्पतयः शान्तिर्विश्वे देवाः शान्तिर्ब्रह्म शान्तिः
सर्व ँ शान्तिः शान्तिरेव शान्तिः सा मा
शान्तिरेधि।

द्युलोक में जो सर्वत्र शान्ति है, जो शान्ति अन्तरिक्ष में है और जो शान्ति पृथ्वी पर है वही शान्ति जल, औषधि, व वनस्पतियों में भी है।

समस्त देवताओं में और उनकी भावनाओं में शान्ति है, ब्रह्म लोक में सर्वत्र शान्ति है और समस्त ब्रह्माण्ड में जो शान्ति है वही शान्ति मुझे प्राप्त हो।

अग्ने नय सुपथा राये अस्मान्विश्वानि
देव वयुनानि विद्वान्। युयोध्यस्मज्जुहुराणमेनो
भूयिष्ठां ते नम उक्तिं विधेम।

हे ! ईश्वर, आप समस्त प्राणियों को अच्छे पथ पर चलाने वाले हैं तथा समस्त आनन्द को देने वाले हैं। आपकी कृपा से ही धार्मिक व्यक्ति मोक्ष प्राप्त कर

उत्तम मार्ग से उत्तम प्रज्ञा को प्राप्त करते हैं। वही प्रज्ञा हम भी प्राप्त करना चाहते हैं अतः आप हमारे कुटिल पाप दूर करें, हम आपको प्रणामयुक्त वाणी कहकर श्रद्धा-युक्त अभिवादन करते हैं।

ओम् आब्रह्मन ब्राह्मणो ब्रह्मवर्चसी जायताम
आ राष्ट्रे राजन्यः शूर इषव्यो ऽतिव्याधी
महारथो जायताम्
दोग्ध्री धेनुर्वोढ़ाऽनड्वानाशुः
सप्तिः पुरन्धिर्योषा
जिष्णु रथेष्ठाः सभेयो युवास्य
यजमानस्य वीरो जायताम्
निकामे निकामे नः पर्जन्यो वर्षतु
फलवत्यो न ओषधयः पच्यन्ताम्
योगक्षेमो नः कल्पताम्।
यजुर्वेद अ० २२-२२

हे ब्रह्मन्! मेरे राष्ट्र में ब्राह्मण ब्रह्म तेज को धारण करने वाले हों, क्षत्रिय वीर, रोग रहित तथा धनुर्विद्या में निपुण हों, गायें अधिक दूध देने वाली हों तथा बैल भारी-से-भारी बोझ ढोने में समर्थ हों, घोड़े गतिमान हों, नारियां पतिव्रता हों, यजमान युवक सभ्य, विजयी तथा रथवाहन युक्त हों, बादल समय पर पूर्ण वर्षा करें, औषधियां फल धारण करने वाली हों तथा सभी प्रकार से हमारा योग क्षेम हो।

भद्रं कर्णेभिः श्रृणुयाम् देवा भद्रं पश्येमाक्षभिर्यजत्राः।
स्थिरै रङ्गैस्तुष्टुवा ँ सस्तनूभिर्व्यशेम ह देवहितं यदायुः।
ऋग्वेद १-८९-८

हे देवो। हम नित्य अपने कानों से मंगलदायक वचन सुनते रहें, हे यज्ञों में चरु, पुरोडास आदि से सन्तुष्ट होने वाले देवो! हम अपने नेत्रों से अच्छा देखें, हम अपने अंगों से राष्ट्र हित में कार्य करें और प्रजापति हमें पूर्ण आयु प्रदान करें।

ओम् शतं जीव शरदो वर्द्धमानः शतं
हेमन्तान्छतमु वसन्तान्। शतभिन्द्राग्नी
सविता वृहस्पतिः शतायुषा हविषेमं पुनर्दुः।
ऋग्वेद : १०.१६१-४

हे प्रभु! हम सौ वर्ष तक जीवित रहें, हमारी सन्तान बलिष्ठ होकर शतायु हो, हम अपने परिवार बन्धु-बांधव सहित दीर्घ आयु प्राप्त करें, हम शतायु होकर ईश्वर की आराधना में दत्तचित्त हों तथा राष्ट्र निर्माण में पूर्ण सहयोग दें।

प्रवेश

मंत्र की अपने आप में पूर्ण और स्वतंत्र सत्ता है। जीवन के पार्थिव अपार्थिव चेतन अचेतन, निष्क्रिय और सक्रिय जीवन में मंत्र की सर्वोपरि महत्ता है। बिना मंत्र के जीवन का अस्तित्व संभव ही नहीं। वेदों में मंत्र को सर्वोच्च सत्ता एवं उन्हें ब्रह्म के समान माना है। हमारे जीवन में जो कुछ भी घटित हो रहा है इसके मूल में मंत्र की सत्ता विद्यमान है। यह बात अलग है कि हम उनके अस्तित्व को स्वीकार करें या न करें अथवा मंत्र के महत्त्व को समझें या न समझें, परन्तु यह निश्चित है कि बिना मंत्र के हमारे जीवन का कोई अस्तित्व नहीं।

मानव जो कुछ बोलता है वह अपने आप में शब्द है और जब शब्द का सम्बन्ध अर्थ से हो जाता है तो वह कल्याणमय बन जाता है। वे शब्द निरर्थक होते हैं जिनके मूल में अर्थ विद्यमान नहीं रहता। कालिदास ने 'वागर्थाविव' कह कर इसी कथन की पुष्टि की है, परन्तु जिसके मूल में अर्थ है वे शब्द ही सार्थक हैं। ऐसा नहीं कहा जा सकता, क्योंकि जब शब्द को ब्रह्म कह दिया जाता है तब फिर प्रत्येक शब्द ब्रह्ममय बन जाता है। हम लौकिक व्यक्ति जिन शब्दों के अर्थ समझ लेते हैं उन्हें सार्थक कहते हैं पर जिन शब्दों को हम नहीं समझ पाते वे वास्तव में ही इतने उच्च कोटि के होते हैं कि हमारी बुद्धि उन शब्दों के मूल तक नहीं पहुंच पाती और इसी लिए हम अपने अहं के वशीभूत होकर उन शब्दों को निष्क्रिय कह देते हैं।

कई बार हम देखते हैं कि उच्च कोटि के साधक का ध्यान टूटने पर उनके मुंह से कई ऐसे शब्द निकल जाते हैं जिनका आपस में कुछ भी सम्बन्ध या तारतम्य नहीं होता, तब हम आश्चर्यचकित से उनके मुंह की ओर ताकते रहते हैं और फिर अपने मन को समझाकर शान्त कर लेते हैं कि स्वामी जी ने कुछ भी मुंह से कह दिया होगा।

परन्तु ये 'कुछ भी' शब्द अपने आप में अत्यन्त ही महत्त्वपूर्ण होते हैं, क्योंकि उनका धरातल इतना ऊंचा होता है कि हम सामान्य मानव उस ऊंचाई तक पहुंच नहीं पाते या हमारी बुद्धि इतनी विकसित नहीं है कि हम उस ऊंचाई को समझ सकें।

वास्तव में मानव के मुंह से जो भी शब्द निकलता है वह 'मंत्रमय' होता है। जिन शब्दो के अर्थ समझ में आते हैं उन्हें बातचीत की संज्ञा से विभूषित कर देते हैं पर जो शब्द यों ही मुंह से निकल जाते हैं या जिन शब्दों के अर्थ हमारी समझ में

नहीं आते उन शब्दों को हम व्यर्थ का मान लेते हैं, जबकि वास्तव में बात यह है कि जिन शब्दों के अर्थ समझ में आते हैं, वे लौकिक शब्द या सामान्य शब्द कहे जा सकते हैं, इसके विपरीत जिन शब्दों का अर्थ या तारतम्य सामान्य व्यक्ति के समझ में नहीं आता, वे शब्द वास्तव में ही अपना महत्त्व रखने वाले होते हैं।

मेरे कहने का तात्पर्य यह नहीं है कि प्रत्येक वह शब्द जिसके मूल और अर्थ का रहस्य हम नहीं समझ पाते, वे उच्च कोटि के होते हैं परन्तु इस प्रकार के निश्चित लय और शब्दों से बंधे हुए समूह को 'मंत्र' कहा जा सकता है।

मानव जब दूसरे से बात करता है तो वह मंत्र ही है, क्योंकि एक निश्चित लय और सीमा से बंधे शब्दों के समूह का प्रभाव सामने वाले के मन पर अवश्य पड़ता है, क्योंकि वह उन शब्दों के मूल और उसके अर्थ को समझता है। उदाहरण के लिए एक भिखारी किसी सम्पन्न व्यक्ति के दरवाजे पर जाकर घर के स्वामी को यह कहता है कि 'मैं भूखा हूं' तो यह वाक्य मंत्रमय है क्योंकि इन शब्दो का अर्थ प्रभाव गृह स्वामी के चित्त पर पड़ता है।

एक व्यक्ति जा रहा है और एक भिखारी उससे याचना करता है पर वह उसे टरका देता है, परन्तु कुछ दूर जाने पर दूसरा भिखारी बिगलित कंठ से वही वाक्य दोहराता है, जो कि पहले भिखारी ने कहे थे तो वह व्यक्ति द्रवित होकर उस भिखारी को कुछ-न-कुछ दे देता है।

यहां पर दोनों भिखारियों ने एक ही शब्दों का प्रयोग किया है, परन्तु पहले भिखारी ने सामान्य तरीके से अपनी बात कही थी, जबकि दूसरे भिखारी ने उन्हीं वाक्यों को एक विशेष लय के साथ उच्चरित किया, जिसका प्रभाव उस व्यक्ति पर गहराई के साथ पड़ सका।

मेरे कहने का तात्पर्य यह है कि मंत्र के प्रभाव में ध्वनि और लय का विशेष महत्त्व होता है, क्योंकि वह मंत्र निरर्थक होता है, जिसके मूल में निश्चित लय या ध्वनि नहीं होती। इस प्रकार से वे शब्द निरर्थक कहे जा सकते हैं जिनके मूल में अर्थ भले ही हो परन्तु यदि वे शब्द एक विशेष लय के साथ नहीं कहे जायें तो उनका प्रभाव सर्वथा नगण्य होता है।

एक कवि सम्मेलन में जब हास्य रस का कवि मंच पर खड़ा होकर एक विशेष लय के साथ अपनी हास्य कविता सुनाता है तो दूर-दूर तक बैठे श्रोता खिलखिला पड़ते हैं और हंसते-हंसते दोहरे हो जाते हैं, परन्तु इसके कुछ ही समय बाद या किसी अन्य अवसर पर इसी प्रकार के मच पर खडे हांकर उसी हास्य कवि की वही कविता कोई अन्य पाठक पढ़ता है तो एक भी श्रोता नहीं हंस पाता।

यहां पर स्थान वही है, शब्द वही है, परन्तु एक व्यक्ति उन शब्दों को एक विशेष लय के साथ पढ़ता है जिससे उन शब्दों का प्रभाव दूर बैठे श्रोताओं के चित्त पर पड़ता है, परन्तु यदि वे ही शब्द बिना लय के साथ पढ़े जायें तो उनका प्रभाव बिल्कुल नहीं होता।

इससे यह स्पष्ट है कि शब्द या उसके अर्थ मंत्र शास्त्र की दृष्टि से विशेष महत्त्व नहीं रखते, अपितु एक विशेष लय या ध्वनि महत्त्वपूर्ण प्रभाव रखती है। कवि ने जिन शब्दों का प्रयोग किया था वे शब्द एक दूसरे से जुड़े होने के कारण अर्थमय अवश्य थे, परन्तु उसके साथ कहने का एक विशेष ढंग या लय महत्त्वपूर्ण था जिसका प्रभाव श्रोताओं पर पड़ा और वे दूर बैठे हुए भी खिलखिलाने या हंसने लगे।

यदि मोटे रूप में कहा जाय तो यदि हास्य कविता का प्रभाव श्रोताओं के चित्त पर पड़ सकता है तो अन्य पंक्ति का भी प्रभाव पड़ सकता है, यदि उस पंक्ति को विशेष लय के साथ कहा जाय।

मंत्र का मूल यह 'लय' ही है, जो साधक एक निश्चित लय के साथ मंत्र का उच्चारण करता है वह निश्चय ही सफलता प्राप्त कर लेता है, परन्तु यदि सीधे-साधे रूप में उस मंत्र का पठन किया जाए तो उसका प्रभाव नहीं होगा, क्योंकि उस शब्द या वाक्य के साथ लय का संयोग नहीं है।

शब्दों की शक्ति अपने आप में अत्यन्त महत्त्वपूर्ण मानी गई है क्योंकि विज्ञान के अनुसार हम जो भी उच्चारण करते हैं वह ध्वनि पूरे ब्रह्माण्ड में फैल जाती है और वह युगों-युगों तक अक्षुण्ण बनीं रहती है। उदाहरण के लिये रेडियो पर जो भी भाषण या संगीत सुनते हैं वह ध्वनि हजारों मील दूर से उच्चरित होती है, परन्तु हमारे पास रेडियो के रूप में ऐसा साधन विद्यमान है जिससे कि हम उस ध्वनि को पकड़ पाते हैं और तब हम उस व्यक्ति की आवाज सुनने में समर्थ हो जाते हैं जो कि हजारों मील दूर बैठा बोल रहा है।

अतः शब्द की सीमा अपार है, सामने बैठे व्यक्ति पर ही शब्द का प्रभाव पड़ता हो यही सब कुछ नहीं है अपितु हजारों मील दूर बैठे व्यक्ति के चित्त पर भी हम उन शब्दों के द्वारा एक निश्चित प्रभाव डालने में समर्थ हो सकते हैं। उदाहरण के लिए यदि हास्य रस का कवि हजारों मील दूर बैठा विशेष लय के साथ कविता सुना रहा हो और हम रेडियो के द्वारा उस कविता को सुनें तब भी हम खिलखिला पड़ते हैं क्योंकि उस ध्वनि का प्रभाव हमारे चित्त पर पड़ रहा है। फलस्वरूप उस शब्द के द्वारा जो प्रभाव हम पर होना चाहिए वह होता है और इसीलिए हम हंसते हैं। इसी प्रकार करुण रस की कविता सुनकर सुबकने लग जाते हैं, वीर रस सुनकर रोमांच हो उठते हैं और वीभत्स रस के द्वारा हम घोर घृणा से भर जाते हैं।

किसी शब्द की मूल ध्वनि क्या है, जिससे कि उसका निश्चित और स्थायी प्रभाव पड़ सके यह पुस्तक नहीं बता सकती। इसके लिए गुरु की आवश्यकता होती है, क्योंकि वही उच्चारण करके उस शब्द की मूल ध्वनि को समझा सकता है और जब हमें शब्द की मूल ध्वनि का ज्ञान हो जाता है तो हम उसी लय के साथ उस शब्द का उच्चारण कर निश्चित प्रभाव डालने में समर्थ हो सकते हैं।

यहां पर 'गुरु' शब्द का प्रयोग विशेष अर्थ में नहीं कर रहा हूं। गुरु वह होता है जिसे उस क्षेत्र का विशेष ज्ञान हो। अतः जो मंत्र की व्याख्या. उसका उप-

योग, उसकी क्रिया, उसका अर्थ और उसकी ध्वनि समझा सके वही गुरु कहा जा सकता है ।

- कई बार लोगों के मुंह से ऐसा सुनने में आता है कि कलयुग में मंत्र निरर्थक हो गए हैं, क्योंकि उनका प्रभाव नहीं होता या जिस प्रकार से ग्रन्थ में लिखा हुआ है उसी प्रकार से क्रिया करने पर भी उसका जो प्रभाव होना चाहिए वह नहीं हो पाता ।

इससे लोगों की आस्था मंत्र से हटने लगती है और वे इसी तथ्य पर पहुंचते हैं कि मंत्र अपने आप में व्यर्थ हैं या मंत्रों का प्रभाव नहीं हो पाता, परन्तु कारण कुछ और है, जैसा कि मैंने ऊपर बताया कि मंत्र या शब्द अथवा उसका अर्थ अपने आप में बहुत अधिक महत्त्व नहीं रखता, अपितु उसकी ध्वनि विशेष महत्त्व रखती है, और मंत्र में जो चेतना मानी गई है, वह 'ध्वनि' ही है । यह ध्वनि पुस्तक के निर्जीव पृष्ठ नहीं बता सकते । इसके लिए गुरु की उपस्थिति अनिवार्य है क्योंकि वही मंत्र और उसकी मूल ध्वनि उच्चारण करके समझा सकता है ।

अतः तब तक मंत्र और मंत्र-जप निरर्थक है जब तक कि उसकी ध्वनि का ज्ञान हमें नहीं हो जाता । यही नहीं अपितु आवश्यकता इस बात की है कि ठीक उसी रूप में ध्वनि-उच्चारण होना चाहिए जो कि उस शब्द का मूल जीवन्त है । केवल मात्र उसी प्रकार से उच्चारण कर देना ही सब कुछ नहीं होता ।

मंत्र की सत्ता अपने आप में सर्वोपरि है और इसका प्रभाव निश्चित और स्थायी होता है परन्तु दुख इस बात का है कि धीरे-धीरे हमारी वर्तमान पीढ़ी मंत्र के महत्त्व को अस्वीकार करने लगी है, उसकी उपयोगिता से हम दूर हटने लगे हैं, हममें इतना धैर्य नहीं रह गया है कि हम सही गुरु की खोज कर सकें और उनके द्वारा मंत्र की मूल ध्वनि को प्राप्त कर सकें ।

हमारा भारतवर्ष इस क्षेत्र में सर्वोपरि था, क्योंकि यहां के साधक और महर्षि अपने आप में मंत्रमय थे, उनका पूरा जीवन मंत्र और उनके रहस्य को समझने-समझाने में बीत जाता था । वे शिष्यों को अपने साथ रखकर उन्हें पुत्रवत स्नेह देते थे और उन्हें मंत्र की मूल ध्वनि का ज्ञान कराते थे । यह परम्परा मौलिक रूप से बराबर आगे बढ़ती गयी, परन्तु मुगलकाल में इस पद्धति का ह्रास हुआ और उस समय फारसी कलमा तथा इसी प्रकार के मंत्रों का प्रचलन बढ़ा, फलस्वरूप मूल मंत्र और उसके रहस्य को समझने वाले महर्षि कम होते गए । इसके बाद जो रहा सहा वैभव था वह अंग्रेजों ने पूरी तरह से समाप्त कर दिया । यह विद्या ब्राह्मणों के पास पीढ़ी-दर-पीढ़ी चली आ रही थी, परन्तु जब ब्राह्मणों के पुत्रों ने अंग्रेजों की गुलामी और नौकरी करनी शुरू कर दी तो वे उसी रंग में रंग कर चोटी और यज्ञोपवीत से हाथ धो बैठे और मंत्र आदि विद्याओं को दकियानूसी कहने लगे ।

कुछ समय बाद बहुत ही कम साधक ऐसे रह गए, जिन्हें मंत्रों का और उनकी ध्वनि का पूर्ण ज्ञान था । वे यह चाहते थे कि यह मौलिक परम्परा आगे भी जीवित

रहे, परन्तु उनके पास सर्वथा अयोग्य शिष्यों की ही भरमार बनी रही जो कि चमत्कार में तो विश्वास करते थे परन्तु परिश्रम करने से जी चुराते थे। जो एक ही दिन में मंत्र मर्मज्ञ होना चाहते थे उनकी ध्वनि या उनके स्वरूप को समझने का परिश्रम करना नहीं चाहते थे। ऐसी स्थिति में गुरु किंकर्त्तव्यविमूढ़ बन गया कि इन शिष्यों को किस प्रकार से ज्ञान दिया जाय, क्योंकि गुरु ज्ञान तो देना चाहता था, पर योग्य शिष्यों का ही अभाव हो गया था और वे उस विद्या को प्राप्त करने में सर्वथा अयोग्य और असमर्थ दिखाई देने लगे।

वर्तमान पीढ़ी ने मंत्र को रटे रटाये तरीके से बोलने में ही पूर्णता समझ ली। आज भी ब्राह्मण के पुत्र को पन्द्रह, बीस, पचास मंत्र अवश्य कंठस्थ होंगे परन्तु उसकी लय का उसे कतई ज्ञान नहीं होगा। पुस्तकों के माध्यम् से जो कुछ देखा, आजीविका वृत्ति बनाने के लिए उन मंत्रों को रट लिया और इस प्रकार से अपनी जीविकोपार्जन में सहायता प्राप्त कर ली। उनका मूल उद्देश्य पेट भरना रह गया। मंत्र के मूलस्वरूप को समझने में उनकी रुचि नहीं रही। इस प्रकार धीरे-धीरे इस विषय में जानकार कम होते गए, जिन महर्षियों को या साधकों को इनका ज्ञान था वह ज्ञान उनके साथ ही समाप्त हो गया। वे शिष्य की झोली में बहुत कुछ डालने के लिए लालायित थे परन्तु शिष्य की झोली ही जब फटी हुई थी तो गुरु क्या कर पाता ? साथ-ही-साथ शिष्य में धैर्य और परिश्रम करने की भावना ही नहीं थी, तब गुरु अपने ज्ञान को दे ही कैसे पाता ? और इस प्रकार मंत्र को समझने वाले साधकों का अभाव होता गया।

कुछ साधक अपने आपको समाज से तब अलग कर बैठे जब उन्होंने देखा कि हमारी उपयोगिता नहीं के बरबार रह गई है, मंत्र या इनसे संबंधित व्यक्तियों को निम्न स्तर से देखा जाने लगा है, समाज की भावना केवल मात्र यही रह गई है कि येन केन प्रकारेण धन संचय किया जाय, इसके लिए चाहे कुछ भी करना पड़े। उनका सारा तंत्र या कार्य केवल इसी बिन्दु पर केन्द्रित हो गया कि किस प्रकार से ज्यादा-से-ज्यादा धन इकट्ठा किया जाय। ऐसी स्थिति में उन साधकों ने अपने आपको समाज से अलग कर दिया और पहाड़ में दूर एकान्त स्थान में अपनी साधना में रत हो गए; इस प्रकार उनका सम्पर्क समाज से टूट गया।

ऐसी स्थिति में पूरा समाज दिग्भ्रमित हो गया है। वह मंत्रों की महत्ता को स्वीकार करता है। वह चाहता है कि मंत्रों को समझा जाय और उसका उपयोग जीवन को सुखमय बनाने के लिए किया जाय। इसके लिए वह साधुओं, संन्यासियों के चारों ओर चक्कर लगाता है, और वे नकली साधु या लम्बी-लम्बी जटाएं बढ़ाकर आंखों में ललाई लाकर इन्हें सब्ज बाग दिखाते रहते हैं कि तुम्हें मैं सब कुछ दे सकता हूं जबकि हकीकत में उनके पास कुछ है ही नहीं। जब उनके पास कुछ है ही नहीं तो वह दूसरों को क्या दे पाएगा ? उनके ठोकर खाने पर जब कुछ भी प्राप्त नहीं हो पाता, तब सामान्य मानव परेशान हो जाता है, मंत्रों पर से उसका विश्वास डिगने लगा है तथा साधु और संन्यासियों पर उसकी अनास्था पैदा हो गई है।

मंत्र शास्त्र की दृष्टि से पिछले पांच सौ वर्ष अंधकार के ही थे, जिसमें धीरे-धीरे इस विद्या का लोप होता गया। एक समय ऐसा भी आया जबकि सही गुरु प्राप्त होना हिमालय पर चढ़ाई करने के समान हो गया। आज नकली साधु गुरु और संन्यासी तो गली कूचों में मिल जायेंगे, परन्तु इस क्षेत्र में सही जानकारी रखने वाला गुरु दस लाख में एक या दो ही होंगे।

जब प्रतिशत इतना कमजोर है तो सामान्य मानव के बस की बात नहीं रह गई है। जब भी वह इस प्रकार के लेख पढ़ता है या किसी साधु के चमत्कार की कहानियां सुनता है तो वह उस तरफ भागता है, परन्तु बदले में उसे कुछ भी नहीं मिल पाता।

आजादी के बाद इस भयावह स्थिति पर भी विचार हुआ और यह आशंका वलवती हो गई कि यदि इसी प्रकार बना रहा तो एक समय ऐसा भी आ सकता है जबकि इस विद्या को जानने वाला एक भी व्यक्ति न रहे, अतः इस पर गहराई के साथ विचार किया गया और मैं यह देख रहा हूं कि पिछले दस बर्षों में एक नई चेतना पैदा हो रही है जो कि लोगों का विश्वास पुनः मंत्र पर स्थापित करने में सफल रही है। जिनका विश्वास पूरी तरह से डगमगा गया था, उन्हें संबल मिला है। सामान्य मानव को अब यह विश्वास होने लगा है कि यह विद्या पूरी तरह से लुप्त नहीं हो गई है, क्योंकि जिन लोगों ने इस विद्या को जीवन्त बनाए रखने के लिए प्रयत्न प्रारम्भ किए हैं वे समर्थ हैं, उन्हें मंत्रों का गहराई के साथ ज्ञान है।

मंत्र को समझने के लिए धैर्य की आवश्यकता होती है, क्योंकि मंत्र अपने आपमें पूर्ण नहीं है अपितु उसके साथ जो क्रिया-पद्धति है वह मिल कर एक पूर्ण मंत्र का निर्माण करती है, जैसे आटा अपने आपमें पूर्ण रोटी नहीं है अपितु आटे के साथ जिस प्रकार से पूरी क्रिया करने पर रोटी का निर्माण होता है तभी उससे भूख शान्त हो सकती है, उसी प्रकार जब तक मंत्र और उसकी पद्धति का पूर्ण ज्ञान नहीं होता तब तक उससे पूरा लाभ नहीं उठाया जा सकता।

मुझे याद है कि कुछ वर्षों पूर्व केदारनाथ के पास एक साधु सम्मेलन हुआ था, जिसमें मुख्य रूप से उन साधुओं, साधकों एवं मंत्र अध्येताओं को निमंत्रण किया था जो इस क्षेत्र में पूर्ण जानकार थे। उसमें लगभग तीन सौ साधु महर्षि आदि इकट्ठे हुए थे, जो कि अपने आपमें बीतरागी थे, साधु थे, ऐसे व्यक्ति थे जो घर गृहस्थी से सर्वथा मुक्त थे और जिनका पूरा जीवन मंत्रों की शोध में ही व्यतीत हुआ था।

उस सम्मेलन में मैं भी उपस्थित था और मेरे गुरु भाई डा० श्रीमाली जी भी उपस्थित थे। मेरा उपस्थित होने का मूल कारण यह देखना था कि अब तक मंत्रों को जानने वाले कितने लोग शेष हैं और वे इस विद्या को आगे बढ़ाने के लिए कितने अधिक प्रयत्नशील हैं।

पर सम्मेलन में बात यह सामने आई कि धीरे-धीरे मंत्र और उसकी ध्वनि को सही रूप से समझने वाले लोग समाप्त हो रहे हैं और जिनके पास यह विद्या है

भी वे पूरी तरह से समाज से कटे हुए हैं। इस प्रकार हमारा समाज इस प्रकार की उच्च विद्या से वंचित रह रहा है और वह पागलों की तरह इधर-उधर भटक रहा है परन्तु उसे सच्चा साधु या सच्चा मंत्र मर्मज्ञ प्राप्त नहीं हो रहा है।

सम्मेलन की समाप्ति तक भी कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया। सबके मन में एक ही दुख था कि योग्य शिष्यों की प्राप्ति नहीं हो रही है, जिन्हें यह ज्ञान दिया जा सके, साथ-ही-साथ यदि कोई शिष्य प्राप्त होता भी है तो वह परिश्रम करने से घबराता है और इस प्रकार का एकाकी जीवन जीने का अभ्यस्त न होने के कारण थोड़े समय बाद ही भाग खड़ा होता है।

सम्मेलन में उन मंत्र मर्मज्ञों की मृत्यु पर भी दुख प्रगट किया गया जो पिछले दो वर्षों में मृत्यु को प्राप्त हो गए थे। इस प्रकार धीरे-धीरे मंत्रों की वास्तविक ध्वनि और उसकी क्रिया को समझने वाले लोगों की समाप्ति हो रही थी और नये व्यक्ति तैयार नहीं हो रहे थे जो कि इस प्रकार की चेतना को और भारत की इस दुर्लभ विद्या को जीवित रख सकें।

सम्मेलन का निर्णय लगभग यही था कि ऐसी स्थिति में कुछ भी नहीं किया जा सकता और जो कुछ हो रहा है, वह ठीक ही हो रहा है। यदि प्रभु को यही मंजूर है तो इसके आगे क्या किया जा सकता है?

यह स्थिति एक प्रकार से कायरता की स्थिति थी। इस स्थिति को डा० श्रीमाली सहन नहीं कर सके। उन्होंने खड़े होकर कहा, कि सम्मेलन जो भी निर्णय ले रहा है, वह सही हो सकता है, परन्तु यह निर्णय पूर्णतः कायरता का निर्णय है, नपुंसकता का निर्णय है, हकीकत में देखा जाय तो यह वास्तविकता से भागने का निर्णय है। यदि सम्मेलन का यही निर्णय रहा तो भारतवर्ष के लिए यह अत्यन्त भयावह स्थिति होगी और वह दिन दूर नहीं होगा जबकि इस पृथ्वी से मंत्र और उसकी ध्वनि हमेशा-हमेशा के लिए समाप्त हो जाएगी।

आने वाली पीढ़ी हमें, और हमारे सम्मेलन को धिक्कारेगी कि कायरता के साथ सम्मेलन को समाप्त कर हमने अपने आपको मृत्यु के मुंह में डाल दिया। आने वाला समय हममें से किसी को भी क्षमा नहीं करेगा, आवश्यकता इस बात की है कि हम इस चुनौती को स्वीकार करें और एक ऐसी पीढ़ी का निर्माण करें जो कि इस प्रकार के ज्ञान से पूर्ण हो, जिनमें मंत्रों को सीखने, समझने और उनके प्रयोग में रुचि लेने की ललक हो और जो पूर्ण रूप से मंत्रों के प्रति समर्पित हों वे युवक आगे आवें या ऐसे युवकों की खोज की जाय जो कि इस प्रकार के कार्य के लिए पूर्णतः समर्थ हों।

भारतवर्ष की भूमि नपुंसक नहीं है। साठ करोड़ जनता में कम-से-कम सौ युवक ऐसे प्राप्त हो सकते हैं जिन्हें परिश्रम करने की और मंत्रों को जीवित बनाए रखने की रुचि हो और जो सारे सुखों को त्याग कर इस क्षेत्र में कुछ कर गुजरने का हौसला रखते हों।

अपनी बात को समाप्त करते हुए डा० श्रीमाली ने कहा कि मुझे दुख इस बात का हो रहा है कि हम रचनात्मक भूमिका निभाने की अपेक्षा कायरता की भूमिका निभाने की कोशिश कर रहे हैं। यदि आप सभी इस बात के लिए कृतसंकल्प हों तो ऐसी कोई बात नहीं है, परन्तु आपने भगवे वस्त्र धारण करके इस बात का निश्चय कर लिया है कि अब आपका समाज से कोई सम्बन्ध नहीं रह गया है, यह एक प्रकार से पलायन की भूमिका है, संघर्ष से छुटकारा पाने का प्रयत्न है, कठिनाइयों से मुक्ति पाने की चाह है, आपके ये निर्णय किसी भी प्रकार से योग्य नहीं हैं और इस सम्मेलन के उपयुक्त तो सर्वथा नहीं ही हैं।

मैं इस बात के लिए भी दृढ़ संकल्प हूं कि चाहे मुझे कितना ही त्याग करना पड़े या चाहे मैं अकेला ही रह जाऊं फिर भी मैं इसी प्रयत्न में बराबर लगा रहूंगा कि यह विद्या सर्वथा लोप न हो जाय और इस विद्या की पूर्णता में किसी प्रकार की न्यूनता न आवे।

यह छोटा-सा वक्तव्य अपने आपमें चुनौतीपूर्ण था और एक प्रकार से उस पूरे सम्मेलन पर थप्पड़ की तरह था जिसने एक बार पुनः सही ढंग से सोचने के लिए मजबूर कर दिया। सम्मेलन के अधिकांश मंत्र मर्मज्ञ डा० श्रीमाली से परिचित थे और उनके कार्यों से तथा उनकी साधनाओं से तभी से परिचित थे जब वे गृहस्थ जीवन में नहीं थे। वे इस बात को जानते थे कि आज विश्व में मंत्र के क्षेत्र में स्वामी सच्चिदानन्द जी से उच्चकोटि का व्यक्ति नहीं है, वे सही रूप में युग पुरुष हैं, और मंत्र साधना आदि के क्षेत्र में सर्वोपरि हैं। उनका ज्ञान हिमालय से भी महान है, मंत्र के क्षेत्र में और साधना के क्षेत्र में उनकी महत्ता निर्विवाद रूप से सभी स्वीकार करते हैं।

डा० श्रीमाली इस प्रकार की महान विभूति के प्रमुख शिष्य हैं यह बात सभी को ज्ञात थी और वे सभी इस बात को अनुभव करते थे कि वास्तव में उनका शिष्य होना ही अपने आप में पूर्णता है। इस प्रकार की चुनौती वही व्यक्तित्व दे सकता है, जिसमें आग हो या जिसमें इस विषय की पूर्णता हो।

सम्मेलन के लगभग सभी साधु और महर्षि प्रसन्न थे कि जिस व्यक्ति ने इस चुनौती को सबके सामने रक्खा है, वह अपने आप में एक सम्पूर्ण और समर्थ व्यक्तित्व है, मंत्र के क्षेत्र में आज भी उनकी राय को सबसे ऊंचा महत्त्व दिया जाता है। सम्मेलन के सभापति के रूप में उनका नाम निर्विवाद रूप से लिया गया था और एक मत से उन्हें सभापति पद पर बिठाने का निर्णय लिया था, परन्तु यह उनकी ही विनम्रता थी कि उन्होंने अस्वीकार करते हुए सामान्य मंत्र शास्त्री के रूप में ही भाग लेने का निश्चय किया था।

सभी ने एक प्रकार से हर्षध्वनि की और उनकी अभ्यर्थना करते हुए एक मत से प्रस्ताव पास किया कि आज के युग में परमहंस स्वामी सच्चिदानन्द के प्रमुख शिष्य डा० श्रीमाली मंत्र के क्षेत्र में निर्विवाद रूप से सर्वश्रेष्ठ व्यक्तित्व है और एक प्रकार से उन्हें मंत्र पुरुष कहा जाए तो कोई अत्युक्ति नहीं होगी।

सम्मेलन को प्रसन्नता है कि उन्होंने इस गंभीरता को समझा है और इस विद्या को समाज से जोड़ने में रुचि ली है, सम्मेलन को विश्वास है कि यह विद्या भारतवर्ष से लोप नहीं हो सकेगी । और आने वाली पीढ़ियां डा० श्रीमाली की आभारी रहेंगी कि उनके प्रयत्नों से मंत्रों की मूल ध्वनि और उनकी क्रिया जीवित रह सकी है।

इस प्रस्ताव के साथ ही सम्मेलन समाप्त हो गया ।

डा० श्रीमाली को मैं तब से जानता हूं जब वे यायावर जीवन में थे । वे गृहस्थ होते हुए भी पूर्णतः साधु थे और उन्होंने गृहस्थ के अनन्य पथ को इसीलिए छोड़ दिया था जिससे कि उन साधुओं और महर्षियों के सम्पर्क में आ कर उस ज्ञान को प्राप्त किया जा सके, जो कि वास्तव में उच्चकोटि का है और जिस ज्ञान की वजह से ही भारत पूरे विश्व में सम्मानित है ।

इस प्रकार के साधु जीवन के रूप में लगभग सत्रह वर्ष रहे और इन वर्षों में उन्होंने जो कुछ प्राप्त किया वह भारत और विश्व से छिपा हुआ नहीं है । इन वर्षों में वे उन सभी लोगों के सम्पर्क में आए जिनके पास इस प्रकार का थोड़ा बहुत भी ज्ञान था । वे कई साधुओं के पास रहे और उनसे उन सभी प्रकार की विद्याओं को सीखने का प्रयत्न किया जो कि वास्तव में ही दुर्लभ थी और यह उनका सौभाग्य था कि उन्हें इस प्रकार के साधु मिलते गए जो कि वास्तव में अपने क्षेत्र में उच्चकोटि के थे ।

सबसे बड़ी उपलब्धि परमहंस स्वामी सच्चिदानन्द जी की शिष्यता प्राप्त करना है । जो साधना के क्षेत्र में हैं वे परमहंस के नाम से परिचित हैं और वे ही इस बात को अनुभव कर सकते हैं कि उन तक पहुंचना ही हिमालय को लांघने के बराबर है या जीवन में उनके दर्शन उच्चकोटि का पुण्य माना जाता है, तब उनसे शिष्यत्व प्राप्त कर लेना अपने आपमें उच्चकोटि का भाग्य है । विश्व में मात्र तीन ही शिष्य उनके माने जाते हैं जिनको उन्होंने विधिवत दीक्षा दी है ।

यह बात इसका प्रमाण है कि डा० श्रीमाली ने इस स्तर को प्राप्त करने के लिए कितना अधिक प्रयत्न किया होगा, कितना कष्ट उठाया होगा और इस स्तर को प्राप्त करने के लिए कितना कठोर संघर्ष किया होगा ? सुना है कि स्वामी सच्चिदानन्द जी हजार से भी ज्यादा आयु के हैं और वे किसी को शिष्य बनाते ही नहीं, क्योंकि उनकी शिष्य बनाने की परीक्षा इतनी कड़ी और कठोर है कि उस परीक्षा को पास करना सामान्य जीवन में सम्भव ही नहीं है, आज भी साधक मंत्र या साधना कार्य को प्रारम्भ करने से पूर्व मन-ही-मन स्वामी सच्चिदानन्द जी का स्मरण करते हैं जिससे कि वे अप्रत्यक्ष रूप से उपस्थित होकर सहायक हो सकें ।

पिछले हजार वर्षों में केवल तीन शिष्य बनाना ही इस बात का प्रमाण है कि उनका चयन कितना कठिन है और किस प्रकार से वे उनकी परीक्षा लेते हैं । साधना के क्षेत्र में उनका शिष्य होना ही अपने आपमें पूर्णता माना जाता है, मेरे कथन की गंभीरता केवल वे व्यक्ति समझ सकते हैं जो कि साधना क्षेत्र में हैं या इस प्रकार की क्रिया से परिचित हैं ।

डा० श्रीमाली का जीवन एक ही कार्य को पूर्णता देने के लिए नहीं बना है, कई बार मैं आश्चर्यचकित रह जाता हूं कि एक ही व्यक्तित्व इतने अधिक कार्यों का बोझ किस प्रकार से सम्भाल लेता है ? किसी एक विद्या में पूर्णता प्राप्त करने के लिए ही जब पूरा जीवन खप जाता है तो किस प्रकार से उन्होंने कई विद्याओं में पूर्णता प्राप्त की है। और उन सभी विद्याओं में वे उस स्तर पर हैं जो कि अपने आपमें अन्यतम है।

ज्योतिष के क्षेत्र में उनकी महत्ता निर्विवाद रूप से स्वीकार की जाती है। इस क्षेत्र में उन्होंने उन सभी आयामों को पूर्णता दी है जो कि इस से संबंधित है। सामुद्रिक शास्त्र, अंक शास्त्र, मुखाकृति विज्ञान आदि क्षेत्र में उन्होंने ग्रन्थों की रचना की हैं, तथा ज्योतिष के गणित और फलित पक्ष में उनकी मान्यता पूरे भारतवर्ष में निर्विवाद रूप से स्वीकार की जाती है।

इसके अलावा आयुर्वेद का उन्हें अन्यतम ज्ञान है, यद्यपि इस विद्या से अभी सामान्य जन परिचित नहीं है, परन्तु उन्होंने इस क्षेत्र में जो कुछ प्राप्त किया है वह अपने आप में अन्यतम है। तन्त्र के क्षेत्र में उनकी महत्ता को सभी स्वीकार करते हैं, मंत्र के क्षेत्र में स्वामी सच्चिदानन्द जी का शिष्य होना ही इस बात का प्रमाण है कि वे इस क्षेत्र में सर्वोपरि हैं, और वह सम्मेलन इस बात को अनुभव कर रहा था कि पूरे सम्मेलन में उपस्थित साधुओं का ज्ञान भी उस अकेले व्यक्तित्व के ज्ञान से न्यून है, क्योंकि उन्हें सभी प्रकार के मंत्रों का पूर्ण ज्ञान है और उसकी मूल ध्वनि तथा क्रिया का विधिवत अभ्यास है।

वे मूलतः सरल गृहस्थ हैं, और गृहस्थ जीवन को भी कुशलता के साथ संचालन कर रहे हैं। पूरे दिन जिस प्रकार से वे व्यस्त रहते हैं उसको अनुभव करके आज भी मैं सोचने के लिए बाध्य हो जाता हूं कि ऐसी कौन-सी जीवट शक्ति है, जो कि उन्हें इतना श्रम करने के लिए उत्साहित करती रहती है।

डॉ० श्रीमाली से मेरा परिचय एक संयोग के रूप में ही हुआ था। यद्यपि आयु में मैं उनसे चार-पांच वर्ष बड़ा हूं परन्तु ज्ञान के क्षेत्र में उनकी महत्ता को निर्विवाद-रूप से स्वीकार करता हूं।

मेरा उनका परिचय एक संयोग ही था और मैं सोचता हूं कि यह संयोग मेरे लिए अत्यन्त सुखदायक रहा है, उस समय भी मैं साधु जीवन में था और आज भी मैं साधु जीवन में ही हूं। बचपन से ही मैंने यह निश्चय कर लिया था कि मुझे विवाह नहीं करना है और अपना सारा जीवन योग्य गुरु की खोज में बिता देना है जिसके सान्निध्य में बैठकर मैं ज्ञान के उन आयामों को स्पर्श कर सकूं जो कि अपने आप में उच्चतर रहे हैं।

मैं अपने जीवन में एक जगह बहुत कम टिका हूं, भटका ज्यादा हूं, और इसी भटकते हुए जीवन में जो भी अनुभव हुए हैं वे अपने आप में अलग हैं। परन्तु मैं इस बात को स्वीकार करता हूं कि मैं अपने जीवन में जितना और जो कुछ प्राप्त करना

चाहता था वह प्राप्त नहीं कर पाया हूं, जबकि मेरे जीवन का लक्ष्य मंत्र-तंत्र के क्षेत्र में उच्च भावभूमि को स्पर्श करना था।

उस समय मैं बद्रीनाथ से पन्द्रह किलो मीटर दूर भृकुण्डी आश्रम में था और वहां स्वामी प्रवृज्यानन्द जी के सान्निध्य में मंत्र साधना सीख रहा था। उनके पास रहते हुए मुझे लगभग तीन वर्ष हो चुके थे और मैं यह अनुभव कर रहा था कि स्वामी प्रवृज्यानन्दजी मंत्र के क्षेत्र में सिद्धहस्त हैं और उन्हें सैकड़ों प्रकार के मंत्र तथा उनकी क्रिया का ज्ञान है।

तां म आवह जातवेदो लक्ष्मी मन पगानिमीम् । (दुर्गे०)
यस्यां हिरण्यं प्रभूतिं गावो दास्योश्वान्विन्देयं पुरुषानहम् ॥ (दारिद्रय०)
नमो ॐ ऐं नमः
ॐ आं ह्रीं क्रों ऐं श्रीं क्लीं ब्लूं सौं रं वं श्रीं ॐ ॥१५॥
सहस्र जपात् सिद्धि ।
दशांश क्षीर होम :

१६. विनियोग

ॐ अस्य श्री 'यः शुचिः प्रयतो भूत्वा' इति श्रीसूक्त षोडश मंत्रस्य श्री ब्रह्मा ऋषि, श्री महा सरस्वती देवता, 'प्रूं' बीज, सिद्धिदा शक्ति, श्री कमला महा विद्या, सतो गुण, घ्राणं ज्ञानेन्द्रिय, स्वतन रस, पाद कर्मेन्द्रिय, मृदु स्वर, जल तत्व,

शांति कला, 'ह्रीं' उत्कीलन, सम्पुट मुद्रा, मम क्षेमस्थैर्यायुरारोग्याभिवृद्ध्यर्थं श्री सर्व मंगल कारिण्यै भगवती लक्ष्मी प्रसाद सिद्ध्यर्थं च नमोयुत प्रणव-वाग्बीज-स्वबीज-लोम-विलोम पुटितोक्त षोडश मंत्र जपे विनियोगः।

ऋष्यादिन्यास

श्री ब्रह्मा ऋषये नमः सहस्रारे शिरसि।
श्री महासरस्वत्यै देव्यै नमः द्वादशारे हृदि।
'प्रूं' बीजाय नमः षडारे योनौ।
सिद्धिदा शक्त्यै नमः दशारे नाभौ।
श्री कमला महाविद्यायै नमः षोडशारे कंठे।
सतो गुणाय नमः अन्तरारे मनसि।
घ्राणं ज्ञानेन्द्रियाय नमः ज्ञानेन्द्रिये।
स्तवन रसाय नमः चेतसि।
पाद कर्मेन्द्रियाय नमः कर्मेन्द्रिये।
मृदु स्वराय नमः कंठमूले।
जल तत्वाय नमः चतुरारे गुदे।
शांति कलायै नमः करतले।
'ह्रीं' उत्कीलनाय नमः पादयोः।
सम्पुट मुद्रायै नमः सर्वाङ्गे।

करन्यास

ॐ ऐं क्लीं श्रीं नमः अंगुष्ठाभ्यां नमः।
ॐ नमो नमः तर्जनीभ्यां स्वाहा।
यः शुचिः प्रयतो भूत्वा मध्यमाभ्यां वषट्।
जुहुयादाज्यमन्वहम् अनामिकाभ्यां हुं।
सूक्तं पंचदशर्चं च कनिष्ठिकाभ्यां वौषट्।
श्री कामः सततं जपेत् करतलकरपृष्ठाभ्यां फट्।

षडंगन्यास

ॐ ऐं क्लीं श्रीं नमः हृदयाय नमः।
ॐ नमो नमः शिरसे स्वाहा।
यः शुचिः प्रयतो भूत्वा शिखायै वषट्।
जुहुयादाज्यमन्वहम् कवचाय हुं।
सूक्त पंचदशर्चं च नेत्रत्रयाय वौषट्।
श्री कामः सततं जपेत् अस्त्राय फट्।

ध्यान

समानीतः पद्भ्यां मणिमुकुरतामम्बर मणिः ।
भयादास्यादन्तः स्तिमित किरण श्रेणि मसृणः ॥
दधाति त्वद्वक्त्र प्रतिफलनमश्रान्त विकचम् ।
निरातंकं चन्द्राग्निज हृदय पंकेरुहमिव ॥

मंत्र

ॐ आं ह्रीं क्रों ऐं श्रीं क्लीं ब्लूं सौं रं वं श्रीं
ॐ ऐं नमः ।
यः शुचिः प्रयतो भूत्वा जुहुयादाज्य मन्वहम् । (दुर्गे०)
सूक्त पंचदशर्च च श्रीकामः सततं जपेत् ॥ (दारिद्रय०)
नमो ऐं ॐ
ॐ आं ह्रीं क्रों ऐं श्रीं ब्लूं सौं रं वं श्रीं ॐ ॥१६॥
१००० जपात् सिद्धि ।
दशांश द्राक्षा होम ।

ऊपर प्रत्येक मंत्र की प्रथम पंक्ति के पीछे (दुर्गे०) तथा द्वितीय पंक्ति के पीछे (दारिद्रय०) अंकित है । इसका तात्पर्य यह है कि कुछ विद्वान् इसमें दुर्गा सप्तशती के 'दुर्गेस्मृता' मंत्र का सम्पुट देकर भी पाठ करते हैं, और इस प्रकार श्री सूक्त के सोलह मंत्रों में ही उपरोक्त मंत्र का सम्पुट देते हैं । सम्पुट देने पर पाठ इस प्रकार होगा—

ॐ आं ह्रीं क्रों ऐं श्रीं क्लीं ब्लूं सौं रं वं श्रीं
श्रीं ह्रीं श्रीं नमः
—हिरण्य वर्णा हरिणीं सुवर्ण रजतस्रजाम् ।
दुर्गे स्मृता हरसि भीतिमशेष जन्तोः
स्वस्थैः स्मृता मति मतीव शुभां ददासि ।
—चन्द्र हिरण्मयां लक्ष्मीं जातवेदो ममा वह ॥
दारिद्रय दुःख भय हारिणि कात्वदन्या
सर्वोपकार करणाय सदार्द्रचित्ता ॥
नमो श्रीं ह्रीं श्रीं ॐ
ॐ आं ह्रीं क्रों ऐं श्रीं क्लीं ब्लूं सौं रं वं श्रीं

यह श्रीसूक्त का पहला मंत्र पूर्ण बना, इसी प्रकार 'दुर्गे स्मृता' मंत्र का सम्पुट श्री सूक्त के सभी मंत्रों में देते हुए पाठ किया जा सकता है ।

वस्तुतः श्री सूक्त अपने आप में सक्षम एवं पूर्ण प्रभाव युक्त है । यदि साधक इन मंत्रों को सिद्ध कर लेता है, तो उसके जीवन में किसी भी प्रकार की कोई न्यूनता नहीं रहती तथा समस्त प्रकार के भोगों का भोग करता हुआ यशस्वी जीवन व्यतीत करता है ।

बीजयुक्त लक्ष्मीसूक्त

कहा जाता है कि श्री सूक्त के बाद यदि लक्ष्मीसूक्त का पाठ नहीं किया जाता है, तो श्रीसूक्त का प्रभाव न्यून ही रहता है। साधकों के लाभार्थ मैं गुह्य और दुर्लभ बीजयुक्त लक्ष्मीसूक्त दे रहा हूं

(१)

ॐ वं श्रीं वं ऐं ह्रीं श्रीं क्लीं गृह लक्ष्म्यै स्वाहा श्री ॐ
सरसिज निलये सरोज हस्ते धवलतरे ! शुभ गंध माल्य शोभे ।
भगवति हरि वल्लभे ! मनोज्ञे त्रिभुवन भूति करि प्रसीद मह्यम् ॥१॥
ॐ वं श्रीं वं ऐं ह्रीं श्रीं क्लीं गृहलक्ष्म्यै स्वाहा श्री ॐ ।

(२)

ॐ वं श्रीं वं ऐं ह्रीं श्रीं क्लीं गृहलक्ष्म्यै स्वाहा श्री ॐ
धनमग्निर्धनं वायु वसु धनं सूर्यो धनं वसुः ।
धन मिन्द्रो बृहस्पति र्वरुणं धनमस्तु मे ॥२॥
ॐ वं श्रीं वं ऐं ह्रीं श्रीं क्लीं गृहलक्ष्म्यै स्वाहा श्री ॐ ।

(३)

ॐ वं श्रीं वं ऐं ह्रीं श्रीं क्लीं गृहलक्ष्म्यै स्वाहा श्री ॐ
वैनतेयं सोमं पिब सोमं पिबतु वृत्रहा ।
सोमं धनस्य सोमिनो मह्यं ददातु सोमिनः ॥३॥
ॐ वं श्रीं वं ऐं ह्रीं श्रीं क्लीं गृहलक्ष्म्यै स्वाहा श्री ॐ ।

(४)

ॐ वं श्रीं वं ऐं ह्रीं श्रीं क्लीं गृहलक्ष्म्य स्वाहा श्री ॐ
न क्रोधो न च मात्सर्यं न लोभो न शुभा मतिः ।
भवन्ति कृत पुण्यानां भक्तानां सूक्त जापिनाम् ॥४॥
ॐ वं श्रीं वं ऐं ह्रीं श्रीं क्लीं गृहलक्ष्म्यै स्वाहा श्री ॐ ।

(५)

ॐ वं श्रीं वं ऐं ह्रीं श्रीं क्लीं गृहलक्ष्म्यै स्वाहा श्री ॐ
पद्मानने पद्म उरु पद्माक्षी पद्मसंभवे ।

तन्मे भजसि पद्माक्षि येन सौख्यं लभाम्यऽहम् ॥५॥
ॐ वं श्रीं वं ऐं ह्लीं श्रीं क्लीं गृहलक्ष्म्यै स्वाहा श्री ॐ।

(६)

ॐ वं श्रीं वं ऐं ह्लीं श्रीं क्लीं गृहलक्ष्म्यै स्वाहा श्री ॐ
विष्णु पत्नीं क्षमा देवीं माधवीं माधव प्रियाम्।
विष्णु प्रियां सखीं देवीं नम्यायच्युतवल्लभाम् ॥६॥
ॐ वं श्रीं वं ऐं ह्लीं श्रीं क्लीं गृहलक्ष्म्यै स्वाहा श्री ॐ।

(७)

ॐ वं श्रीं वं ऐं ह्लीं श्रीं क्लीं गृहलक्ष्म्यै स्वाहा श्री ॐ
महा लक्ष्मीं च विद्महे विष्णु पत्नीं च धीमहि।
तन्मो लक्ष्मीं प्र चो द यात् ॥७॥
ॐ वं श्रीं वं ऐं ह्लीं श्रीं क्लीं गृहलक्ष्म्यै स्वाहा श्री ॐ।

(८)

ॐ वं श्रीं वं ऐं ह्लीं श्रीं क्लीं गृहलक्ष्म्यै स्वाहा श्री ॐ
पद्मानने पद्मनि पद्म पत्रे पदमप्रिये पद्मदलायताक्षि।
विश्वप्रिये विश्व मनोनुकूले त्वत्पाद पद्मं मयि सन्निधत्स्व ॥८
ॐ वं श्रीं वं ऐं ह्लीं श्रीं क्लीं गृहलक्ष्म्यै स्वाहा श्री ॐ।

(९)

ॐ वं श्रीं वं ऐं ह्लीं श्रीं क्लीं गृहलक्ष्म्यै स्वाहा श्री ॐ
आनन्द कर्दम श्री दश्चिक्लीत इति विश्रुता।
ऋषयः श्रिय पुत्राश्च मयि श्री देवी देवता ॥९॥
ॐ वं श्रीं वं ऐं ह्लीं श्रीं क्लीं गृहलक्ष्म्यै स्वाहा श्री ॐ।

(१०)

ॐ वं श्रीं वं ऐं ह्लीं श्रीं क्लीं गृहलक्ष्म्यै स्वाहा श्री ॐ
या लक्ष्मीः सिन्धु सम्भूता धेनु भूतः पुरु व सु।
पद्मा विश्वावसु देवी सदा तो च सतां गृहे ॥१०॥
ॐ वं श्रीं वं ऐं ह्लीं श्रीं क्लीं गृहलक्ष्म्यै स्वाहा श्री ॐ।

(११)

ॐ वं श्रीं वं ऐं ह्लीं श्रीं क्लीं गृहलक्ष्म्यै स्वाहा श्री ॐ
अश्वदायी च गोदायी धनदायी महा धने।
धनं मे जुषतां देवि सर्व कामाश्च देहि मे ॥११॥
ॐ वं श्रीं वं ऐं ह्लीं श्रीं क्लीं गृहलक्ष्म्यै स्वाहा श्री ॐ।

(१२)

ॐ वं श्रीं व ऐं ह्लीं श्रीं क्लीं गृहलक्ष्म्यै स्वाहा श्री ॐ

पुत्र पौत्र धनं धान्यं हस्त्याश्वादि गजे रथम् ।
प्रजानां भव सीमांत आयुष्मन्तं करोतु माम् ॥१२॥
ॐ वं श्रीं वं ऐं ह्रीं श्रीं क्लीं गृहलक्ष्म्यै स्वाहा श्री ॐ ।

(१३)

ॐ वं श्रीं वं ऐं ह्रीं श्रीं क्लीं गृहलक्ष्म्यै स्वाहा श्री ॐ
ऋण रोगादि दारिद्र्यं पापं च अप मृत्यवः ।
भय शोक मनस्तापा नश्यन्तु मम सर्वदा ॥१३॥
ॐ वं श्रीं वं ऐं ह्रीं श्रीं क्लीं गृहलक्ष्म्यै स्वाहा श्री ॐ ।

(१४)

ॐ वं श्रीं वं ऐं ह्रीं श्रीं क्लीं गृहलक्ष्म्यै स्वाहा श्री ॐ
श्रीर्वर्चस्वमायुष्यमारोग्यमाविद्याच्छुमभानं महीयते ।
धान्यं धनं पशुं पुत्र लाभं शत संवत्सरं दीर्घमायुः ॥१४॥
ॐ वं श्रीं वं ऐं ह्रीं श्रीं क्लीं गृहलक्ष्म्यै स्वाहा श्री ॐ ।

(१५)

ॐ वं श्रीं वं ऐं ह्रीं श्रीं क्लीं गृहलक्ष्म्य स्वाहा श्री ॐ
या सा पद्मासनस्था विपुल कटि तटी पद्मपत्रायताक्षी ।
गंभीरा वर्तनाभिस्तनघनन मिता शुक्ल वस्त्रोत्तरीया ॥१५॥
ॐ वं श्रीं वं ऐं ह्रीं श्रीं क्लीं गृहलक्ष्म्यै स्वाहा श्री ॐ ।

(१६)

ॐ वं श्रीं वं ऐं ह्रीं श्रीं क्लीं गृहलक्ष्म्यै स्वाहा श्री ॐ
लक्ष्मी दिव्यैर्गजेन्दैर्मणिगण रचिता स्नापिता हेम कुम्भैः ।
नित्यं सा पदम हस्ता मम वसति गृहे सर्व मांगल्ययुक्ता ॥१६॥
ॐ वं श्रीं वं ऐं ह्रीं श्रीं क्लीं गृहलक्ष्म्यै स्वाहा श्री ॐ ।

फिर पंचमुद्रा प्रदर्शन कर जल अक्षत गंध छोड़े, तथा योनि मुद्रा से भगवती लक्ष्मी को प्रणाम करे, और प्रार्थना करे—

यावच्चद्रश्च सूर्य्यश्च यावद देवा वसुन्धरा ।
तावन्मम गृहे देवि अचला सुस्थिरा भव ॥१॥
यावद् ब्रह्मादयो देवामनुभुञ्ज चतुर्दशः ।
तावन्मम गृहे देवि अचला सुस्थिरा भव ॥२॥
यावत् तारागणाकाशे यावद् इन्द्रादयोऽमराः ।
तावन्मम गृहे देवि अचला सुस्थिरा भव ॥३॥

पश्चात् दक्षिण दिशा की ओर गंध अक्षत छोड़े व 'क्षमस्व' शब्द का उच्चारण करते हुए श्री लक्ष्मी को प्रणाम करते हुए क्षमा मांगे ।

॥ श्री लक्ष्मीसूक्त समाप्तम् ॥

दारिद्र्य-विनाशक धनदा प्रयोग

दरिद्रता जीवन का अभिशाप है। इसके व्याप्त होने से मानव चारों तरफ से घिर जाता है और अपने आपको पतित अनुभव करने लग जाता है। चेहरे की कान्ति मिट जाती है, शरीर भी हीन हो जाता है और वह व्यक्ति एक प्रकार से अपने आपको बोझ-सा अनुभव करने लग जाता है। ऋग्वेद में स्पष्ट कहा है कि लक्ष्मी उसके पास नहीं रहती जिसमें दान देने की इच्छा नहीं होती, कटुभाषी होता है, अस्त-व्यस्त विचित्र वेशभूषा में रहता है, बात-बात में झगड़ता है, और मार-पीट को सदैव तत्पर रहता है—

अरायि काणे विकटे गिरिं गच्छ सदान्वे।
शिरिम्बिठस्य सत्वभिस्तेभिष्ट्वा चातयामसि॥

दारिद्र्य विनाशक यंत्र

Upayogi Books

अर्थात् जो लक्ष्मी साधना करना चाहता है उसे मृदुभाषी, दानी, सुरुचिपूर्ण वेशभूषा युक्त तथा परोपकारी होना चाहिए । आर्ष ऋषि ने कहा है—

चत्तो इतश्चत्तामुतः सर्वाभ्रूणान्यारुषी ।
अराय्यं ब्रह्मणस्पते तीक्ष्ण शृंगोदषन्निहि ।।

अर्थात्—दरिद्रता, घर का सब कुछ नष्ट करके दुर्भिक्ष ले आती है; अतः इस दरिद्रता को मैं इस लोक और उस लोक से दूर करने का संकल्प करता हूं ।

प्रयोग-१ दारिद्रय नाश

साधक शुद्ध होकर आसन पर बैठ विनियोग करे—

ॐ अस्य श्री 'दुर्गे स्मृतेति' मंत्रस्य, विष्णु ऋषि, अनुष्टुप छन्द, श्री महालक्ष्मी देवता, शाकुंभरी शक्ति, वायु कील, ममम सकल संकेत कष्ट दारिद्रय परिहारार्थं जपे विनियोगः।

ऋष्यादिन्यास

विष्णु ऋषये नमः शिरसि।
अनुष्टुप् छन्दसे नमः मुखे।
महालक्ष्मी देवतायै नमः हृदि।
शाकुंभरी शक्तये नमः नाभौ।
वायुः कीलकाय नमः पादयोः।

मम सकल-संकेत-कष्ट-दुःख-दारिद्रय परिहारार्थं च विनियोगः।

करन्यास

—दुर्गे स्मृता हरसि भीतिमशेष जन्तो—भय शोक दारिद्रय यच्च दूरके अंगुष्ठाभ्यां नमः।

—स्वस्थै स्मृता मतिमतीव शुभां ददासि—भय शोक दारिद्रय यच्च दूरके तर्जनीभ्यां स्वाहा।

—दारिद्रय दुःख भय हारिणि का त्वदन्या—भय शोक दारिद्रय यच्च दूरके मध्यमाभ्यां वषट्।

—सर्वोपकार करणाय सदार्द्रचित्ता—भय शोक दारिद्रय यच्च दूरके अनामिकाभ्यां हुं।

—दुर्गे स्मृता हरसि भीतिमशेष जन्तो स्वस्थै स्मृता मतिमतीव शुभां ददासि, भय शोक दारिद्रय यचच दूरके कनिष्ठिकाभ्यां वौषट्।

—दुर्गे स्मृता हरसि भीतिमशेष जन्तो स्वस्थैस्मृता मतिमतीव शुभां ददासि-भय शोक दारिद्रय यच्च दूरके—दारिद्रय दुःख भय हारिणि कात्वदन्या, सर्वोपकार करणाय सदार्द्र चित्ता—करतलकरपृष्ठाभ्यां फट्।

षडंगन्यास

दुर्गे स्मृता हरसि भीतिमशेषजन्तो हृदयाय नमः।
स्वस्थै स्मृता मतिमतीव शुभां ददासि शिरसे स्वाहा।
दारिद्रय दुःख भय हारिणि कात्वदन्या शिखायै वषट्।
सर्वोपकारकरणाय सदार्द्रचित्ता कवचाय हुं॥
दुर्गे स्मृता हरसिभीतिमशेषं जन्तो नेत्रत्रयाय वौषट्।
दुर्गे स्मृता हरसि भीतिमशेष जन्तोः अस्त्राय फट्।

ध्यान

विद्युद्दाम-सम-प्रभां मृगपति-स्कन्ध-स्थितां-भीषणाम् ।
कन्याभिः करवाल-खेट-विलसद्-हस्ताभिरा सेविताम् ॥
हस्तैश्चक्र-गदासि-खेट-विशिखं चापं गुणं तर्जनीम् ।
विभ्राणामनलात्मिकां शशिधरां दुर्गां त्रिनेत्रां भजे ॥

फिर एक एक माला निम्न बीज मन्त्र की फेरे—

ॐ ऐं सद्रूपिणी महासरस्वती वाग्भव ब्रह्म विद्यायै त्वाम् ।
ॐ ह्रीं चिद्रूपिणी महालक्ष्मी, माया ब्रह्म विद्यायै त्वाम् ।
ॐ क्लीं आनन्द रूपिणी महाकालिके कामरूपे ब्रह्मविद्यायै त्वाम् ॥

मन्त्र

ॐ ह्रीं दुं दुर्गे स्मृता हरसि भीतिमशेष जन्तो स्वस्थैः स्मृता मतिमतीव शुभां ददासि । यदन्ति यच्च दूरके भयं विन्दन्ति मामिह पवमानवीतं जहि दारिद्रय दुःख भय हारिणि का त्वदन्या सर्वोपकारकरणाय सदार्द्रचित्ता स्वाहा ॥

उपर्युक्त मन्त्र जप पैंतालीस हजार करे । दशांश होम, तर्पण, मार्जन आदि करने पर निश्चय ही दरिद्रता का नाश और महालक्ष्मी का आगमन होता है ।

प्रयोग-२ सिद्ध लक्ष्मी

ॐ अस्य श्री सिद्ध लक्ष्मी स्तोत्र मंत्रस्य, हिरण्यगर्भ ऋषि, अग्निर्देवता, त्रिष्टुप् छन्द, मम समस्त क्लेश, पीड़ा, दारिद्रय निवारणार्थं ऐश्वर्य लक्ष्मी प्राप्त्यर्थं सिद्ध लक्ष्मी स्तोत्र जपे विनियोगः ।

करन्यास

ॐ सिद्ध लक्ष्मी अंगुष्ठाभ्यां नमः ।
ॐ ह्रीं विष्णु हृदये तर्जनीभ्यां नमः ।
ॐ क्लीं अमृतानन्दे मध्यमाभ्यां नमः ।
ॐ श्रीं अहेतमालिने अनामिकाध्यां नमः ।
ॐ तेज प्रकाशिन्यै कनिष्ठिकाभ्यां नमः ।
ॐ ह्रीं क्लीं श्रीं ब्राह्मी वैष्णवी, रौद्री करतलकरपृष्ठाभ्यां नम·

हृदयादिन्यास

ॐ सिद्ध लक्ष्मी हृदयाय नमः ।
ॐ ह्रीं विष्णु हृदये शिरसे स्वाहा ।
ॐ क्लीं अमृतानन्दे शिखायै वषट ।
ॐ श्रीं अद्वैतमालिने कवचाय हुं ।
ॐ तेज प्रकाशिन्यै नेत्रत्रयाय वौषट् ।
ॐ ह्रीं क्लीं ब्राह्मी वैष्णवी रौद्री अस्त्राय फट् ।

ध्यान

ब्राह्मी वैष्णवी रौद्री षट् भुजी च चतुर्मुखी ।
त्रिनेत्रा खड्गशूला च पद्मचक्र गदाधरा ॥१॥
पीताम्बरधरा देवि नानालंकारभूषिता ।
तेजपुंजवराश्रेष्ठा ध्यायेत् बाल कुमारिकाम् ॥२॥
ॐकार लक्ष्मी रूपेण हृदयं विष्णुमव्यय ।
विष्णुमानन्द मध्यस्थं ह्रींकारा निजमव्ययम् ॥३॥
क्लीं अमृतानंद हे च सदामानन्ददायिनी ।
श्री द्वेतां त्रिशिरा शक्तिः मालिनी शत्रु मर्दिनी ॥४॥
तेज प्रकाशिनी देवी वरदा भय नाशिनी ।
ब्राह्मी वैष्णवी रौद्री कालिका रक्त सांभवी ॥५॥
अकार ब्रह्मरूपेण ॐकार विष्णुमव्ययम् ।
मकार पुरुषं नामे देवी प्रणवमुच्यते ॥६॥
सूर्य कोटि प्रकाशं च चन्द्रकोटि समप्रभम् ।
तन्मध्य निकर सूक्ष्मं ब्रह्मरूपी व्यवस्थितम् ॥७॥
ॐकार परमानन्दं क्रीयते व सुखः सुरा ।
सर्व मंगल मांगल्ये शक्ति सर्वार्थ साधकम् ॥८॥
प्रथमे अम्बिके गौरी, द्वितीये वैष्णवी तथा ।
तृतीये कमला प्रोक्ता चतुर्थे सुन्दरी जया ॥९॥
पंचमे विष्णुपत्नी च षष्ठं कात्यायनीति च ।
सप्तमं चैव वाराही अष्टमं हरिवल्लभा ॥१०॥
नवमंखड्गत्रिशदाला दशमं देवि देवका ।
एकादशं सिद्ध लक्ष्मी द्वादश्यां हंस वाहिनी ॥११॥
एतत् स्तोत्रमिदं मंत्रं य पठेत् सततं नरः ।
सर्वपापविनिर्मुक्तो नात्र कार्या विचारणा ॥१२॥
एक मासं द्विमासं वा त्रिमासं च चतुर्थकम् ।
पंचमासं षट् मासं च त्रिकालं च सदा पठेत् ॥१३॥
ब्राह्मण क्लेशहा दुःखी दारिद्रय भय पीड़िता ।
जन्मांतर सहस्रेषु मुच्यते सर्व किल्विषैः ॥१४॥
अलक्ष्म्या लभ्यते लक्ष्मी अपुत्रो पुत्रवान्भवेत् ।
निर्धनोधनमाप्नोति, शत्रु चोर भयं न च ॥१५॥

शाकिनी भूत वैताला, व्याघ्र चौर नियातिनी।
राजद्वारे सभा स्थाने कारागृह निबन्धते ॥१६॥
ईश्वरेण कृतं स्तोत्रं प्राणिनां हित काम्यया।
स्तोतव्यं च समानित्यं दारिद्रयं न च बाधते ॥१७॥
॥इति श्री ब्रह्मश्व विरचित सिद्ध लक्ष्मी स्तोत्र॥

प्रयोग-३ धनदा

लक्ष्मी की मूर्ति के सामने ध्यान करे—

अज्ञान-पातक-तमस्तति-तीव्र रश्मि
दौर्भाग्य-भूधर-विदारण-वज्रमीडे।
रोगार्ति-घोर-फणि-मर्दन-पक्षिराजं
लक्ष्मी-पदद्वयमनर्थ-हरं सुखार्थी॥

विनियोग

ॐ अस्य श्री सर्वा बाधा विनिर्मुक्तेति मंत्रस्य, शंकर ऋषि, अनुष्टुप् छन्द, श्री धनदा देवता, ह्रीं बीजं, स्वाहा शक्ति, ममाभीष्ट सिद्ध्यर्थे जपे विनियोगः।

ऋष्यादिन्यास

शंकर ऋषये नमः शिरसि।
अनुष्टुप् छन्दसे नमः मुखे।
श्री धनदा देवतायै नमः हृदि।
ह्रीं बीजाय नमः गुह्ये।
स्वाहा शक्तये नमः पादयोः।

करन्यास

ह्रां अंगुष्ठाभ्यां नमः।
ह्रीं तर्जनीभ्यां नमः।
ह्रूं मध्यमाभ्यां नमः।
ह्रैं अनामिकाभ्यां नमः।
ह्रौं कनिष्ठिकाभ्यां नमः।
ह्रः करतलकरपृष्ठाभ्यां नमः।

षडङ्गन्यास

ह्रां हृदयाय नमः।
ह्रीं शिरसे स्वाहा।
ह्रूं शिखायै वषट्।
ह्रैं कवचाय हुं।

ह्रौं नेत्रत्रयाय वौषट् ।
ह्रः अस्त्राय फट् ।

ध्यान

अश्वारूढां त्रिनेत्रां करकमलधरां पीतवासां सुकेशीम् ।
भक्ताभीष्टप्रदात्रीं शशिमुकुटधरां स्वर्णदाने प्रशस्ताम् ।
दुष्टान् पापान् दहन्ति, स्मरहरतनयां सेविता सिद्ध संगै ।
स्तां देवीं देव वंद्य त्रिभुवन जननी चेतसा चिन्तयामि ॥

मन्त्र

ॐ सर्वा बाधा विनिर्मुक्तो, धनधान्यसमान्वितः ।
मनुष्यो मत्प्रसादेन भविष्यति न संशयः ॥

मन्त्र जप दस हजार ।
नित्य पंच सहस्र करने पर अभीष्ट सिद्धि प्राप्त ।

Upayogi Books

सिद्ध सम्पुट मन्त्र

मन्त्र शास्त्र के जानने वाले पाठकों के लिए कुछ विशिष्ट मन्त्रों का सामान्य प्रयोग दे रहा हूं; यद्यपि ग्रन्थ में मन्त्र, मन्त्रोद्धार तथा मन्त्र प्रयोग आदि की विधि स्पष्ट कर चुका हूं।

तन्त्र और मन्त्र को भली प्रकार से समझने के लिए कुछ विशिष्ट ज्ञान आवश्यक है। तन्त्र में काली वर्णन का सर्वाधिक मत्त्हव है। काली पूजन तथा काली से सम्बन्धित जानकारी अपने आप में महत्त्वपूर्ण है।

तान्त्रिक ग्रन्थों में नवविध कालियों के नाम स्पष्ट किए हैं जो कि निम्न प्रकार हैं—

१. दक्षिणकाली २. भद्रकाली ३. श्मशानकाली ४. कालकाली ५. गुह्यकाली ६. कामकलाकाली ७. धनकाली ८. सिद्धिकाली ९. चण्डकाली।

इनमें कामकलाकाली का महत्त्व सर्वाधिक प्रमुख है और उसकी उपासना और साधना अत्यन्त ही महत्त्वपूर्ण और गोपनीय मानी गई है।

कामकलाकाली के ग्यारह उपासक हैं जो कि तान्त्रिक ग्रन्थों के अनुसार निम्नलिखित हैं—

१. इन्द्र २. वरुण ३. कुबेर ४. ब्रह्मा ५. महाकाल ६. बाण ७. रावण ८. यम ९. चन्द्र १०. विष्णु तथा ११. महर्षिगण।

कामकला की उपासना अत्यन्त ही महत्त्वपूर्ण मानी गई है। तान्त्रिक ग्रन्थों के अनुसार भाग्योदय होने पर ही इस विद्या की प्राप्ति होती है। यदि प्राणदान देकर भी यह विद्या प्राप्त होती हो तो भी ज्यादा मंहगी नहीं। सर्वस्व दान करने पर गुरु की प्राप्ति होती है और गुरु की प्राप्ति होने पर ही इस विद्या की उपलब्धि हो सकती है।

इस उपासना से विद्या लक्ष्मी, मोक्ष लक्ष्मी तथा राज्य लक्ष्मी की प्राप्ति होती है। साथ ही साथ इससे धन लाभ, यश लाभ, पत्नी लाभ, अष्ट सिद्धि, वशीकरण, स्तम्भन, आकर्षण, ग्रहों की गतियों का स्तम्भन, आग तथा वायु का स्तम्भन, धारा और नदी का स्तम्भन, शत्रुओं की सेनाओं का स्तम्भन तथा वाक् स्तम्भन आदि की प्राप्ति सम्भव है।

पूर्ण मन्त्र

त्लठ्ल्ह् क्षथ्ल्ह् क्षद्ल्ह् क्षक्षरह्म्लव्यई ॐ ।

इस मन्त्र का ऋषि महाकाल है, छन्द बृहती है, बीजआद्य बीज है, शक्ति क्रोधवर्ण है तथा विनियोग सर्वसिद्धि है ।

इस मन्त्र को त्रैलोक्याकर्षण मन्त्र भी कहते हैं ।

काली मन्त्र

किसी भी प्रकार की सिद्धि और सफलता के लिए काली मन्त्र सर्वाधिक उपयुक्त और सफल है ।

इसमें पहले शुद्धि होनी चाहिए—

भूत शुद्धि

शिरसि भैरवायऋषये नमः ।
मुखे उष्णिकछन्दसे नमः ।।
हृदये ॐ दक्षिणकालिकायै नमः ।
गुह्ये क्रीं बीजाय नमः ।।
पादयोः हुं शक्तये नमः ।
सर्वाङ्गे क्रौं कीलकाय नमः ।।

काली ध्यान

शवारूढ़ाम्महाभीमां घोरदंष्ट्रां हसन्मुखीम् ।
चतुर्भुजाचण्डमुण्डवराभयकरां शिवाम् ।।१।।
मुण्डमालाधरान्देवीं ललज्जिह्वान्दिगम्बराम् ।
एवं सन्चिन्तयेत्कालीं श्मशानालयवासिनीम् ।।२।।

काली यन्त्र

आदौ त्रिकोणमालिख्य त्रिकोणन्तद्बहिर्लिखेत् ।
ततो वै विलिखेन्मन्त्रं त्रिकोणत्रयमुत्तमम् ।।१।।
ततस्त्रिवृत्तमालिख्य लिखेदष्टदलं ततः ।
वृत्तं विलिख्य विधिवल्लिखेद्भूपुरमेककम् ।।२।।

कालीमन्त्रोद्धार—पहले तीन बार काली बीज उच्चारण करे । फिर दो बार लज्जा बीज उच्चारण करे । फिर दो बार हुंकार शब्द का उच्चारण कर मन्त्र का स्मरण करे । फिर तीन बार काली बीज, दो बार लज्जा बीज तथा दो बार हुंकार शब्द का उच्चारण करने से काली मन्त्र उद्धार होता है ।

Upayogi Books



काली यन्त्र

काली मन्त्र

क्रीं क्रीं क्रीं ह्रीं ह्रीं हूं हूं दक्षिणे कालिके क्रीं क्रीं क्रीं
ह्रीं ह्रीं हूं हूं स्वाहा।

तारा मन्त्र

शत्रुओं का नाश करने और जीवन में पूर्ण सफलता प्राप्त करने के लिए तारा साधना का विधान शास्त्रों में वर्णित है।

तारा ध्यान

प्रत्यालीढपदार्पिताङ्घ्रिशवहृद्घोराट्टहासापरा ।
खड्गेन्दीवरकर्त्रिखर्प्परभुजा हुंकारबीजोद्भवा ॥
खर्व्वा नीलविशालपिंगलजटाजूटैकनागैर्य्युता ।
जाड्यन्न्यस्य कपालकर्तृ जगतां हन्त्युग्रतारा स्वयम् ॥



तारा यन्त्र

तारा यन्त्रोद्धार—चन्दन की लेखनी से यन्त्र लिखना चाहिए। फिर दो बार बीज मन्त्र का उच्चारण करके 'फट्' का उच्चारण करना चाहिए। इस प्रकार करने से तारा मन्त्र और तारा यन्त्र का उद्धार हो जाता है।

तारा मन्त्रोद्धार—सर्वप्रथम वाग्बीज का उच्चारण करके ॐ शब्द का उच्चारण करना चाहिए। फिर लज्जा बीज और तारा बीज का उच्चारण कर 'हूंफट्' का उच्चारण होना चाहिए।

इस प्रकार करने से तारा मन्त्रोद्धार होता है।

तारा मन्त्र

ऐं ओं ह्रीं क्रीं हूं फट् ॥

षोडशी मन्त्र

जीवन में पूर्ण सफलता प्राप्त करने के लिए और आर्थिक दृष्टि से उच्चकोटि की सफलता के लिए षोडशी मन्त्र का विधान तान्त्रिक ग्रन्थों में बताया है :

षोडशी ध्यान

बालार्क्कमण्डलाभासां चतुर्ब्बाहुन्त्रिलोचनाम् ।
पाशाङ्कुशशरांश्चापन्धारयन्तीं शिवाम्भजे ॥



षोडशी यन्त्र

षोडशी यन्त्रोद्धार—इसमें षोडशी यन्त्र बनाकर उसकी षोडशोषचार पूजा करने से यन्त्र उद्धार हो जाता है।

षोडशी मन्त्रोद्धार—सर्वप्रथम लज्जा बीज का उच्चारण कर 'कएईल' का उच्चारण करना चाहिए। फिर लज्जा बीज बोलकर 'हसकहल' शब्द का उच्चारण

करना चाहिए। फिर लज्जा सम्पुट देकर सोलह अक्षरों का षोडशी मन्त्र का उच्चारण करना चाहिए ।

इस प्रकार करने से षोडशी मन्त्र उद्धार हो जाता है ।

षोडशी मंत्र

ह्रीं क ए ई ल ह्रीं ह स क ह ल ह्रीं स क ल ह्रीं ।।

भुवनेश्वरी मंत्र

वशीकरण, सम्मोहन आदि कार्यों में यह मन्त्र तथा इससे सम्बन्धित तन्त्र सबसे अधिक अनुकूल तथा सहायक माना गया है ।



भुवनेश्वरी यन्त्र

भुवनेश्वरी ध्यान

उद्यद्दिनद्युतिमिन्दुकिरीटान्तुङ्गकुचान्नयनत्रययुक्ताम् ।
स्मेरमुखीं वरदाङ्कुशपाशाम्भीतिकराम्प्रभजेभुवनेशीम् ।।

भुवनेश्वरी यन्त्रोद्धार—सर्वप्रथम भुवनेश्वरी यन्त्र बनाकर उसकी षोडशोपचार पूजा करने से ही यन्त्रोद्धार हो जाता है ।

भुवनेश्वरी मन्त्रोद्धार—इसके लिए मूल मन्त्र का १०८ बार उच्चारण करने से ही मन्त्रोद्धार हो जाता है ।

भुवनेश्वरी मंत्र

'ह्रीं'

भुवनेश्वरी मंत्र फल

य पठेच्छृणुयाद्वापि एकचित्तेन सर्व्वदा ।
स दीर्घायुः सुखी वाग्मी वाणी तस्य न संशयः ।।१।।
गुरुपादरतो भूत्वा कामिनीनाम्भवेत्प्रियः ।
धनवान् गुणवान् श्रीमान् धीमान्निव गुरु प्रिये ।।२।।
सर्व्वेषान्तु प्रियो भूत्वा पूजयेत्सर्व्वदा स्तवम् ।
मंत्र सिद्धि करस्थैव तस्य देवि न संशयः ।।३।।
कुबेरत्वम्भवेत्तस्य तस्याधीना हि सिद्धयः ।
मृतपुत्रा च या नारी दौर्भाग्यपरिपीड़िता ।।४।।
बन्ध्या वा काकवन्ध्या वा मृतवत्सा च याऽङ्गना ।
धनधान्यविहीना च रोगशोकाकुला च या ।।५।।
ताभिरेतन्महादेवि भूर्ज्जपत्रे विलेखयेत् ।
सव्ये भुजे च बध्नीयात्सर्व्वसौख्यवती भवेत् ।।६।।

छिन्नमस्ता मंत्र

विद्या-प्राप्ति, धन-प्राप्ति, शत्रु-नाश, मुकदमों में विजय, शत्रु पर विजय तथा अन्य सभी सिद्धियों के लिए छिन्नमस्ता साधना अत्यन्त ही प्रामाणिक और फलप्रद मानी गई है ।

छिन्नमस्ता ध्यान

प्रत्यालीढपदां सदैव दधतीञ्छिन्नं शिरः कर्तृका-
न्दिग्वस्त्रां स्वकबन्धशोणितसुधाधाराम्पिबन्तीन्मुदा ।।
नागाबद्धशिरोमणिन्त्रिनयनां हृद्युत्पलालङ्कृताम् ।
रत्यासक्तमनोभवोपरिदृढ़ान्ध्यायेज्जवासन्निभाम् ।।
दक्षे चातिसिताविमुक्तचिकुराकर्त्रीन्तथा खर्प्परं-
हस्ताभ्यान्दधती रजोगुणभवा नाम्नापि सा वर्णिनी ।।
देव्याश्छिन्नकबन्धत पतद्सृग्धाराम्पिबन्ती मुदा ।
नागाबद्धशिरोमणिर्म्मनुविदा ध्येया सदा सा सुरैः ।।

प्रत्यालीढपदा कबन्धविगलद्रक्तम्पिबन्ती मुदा।
सैषा या प्रलये समस्तभुवनं भोक्तुं क्षमा तामसी॥
शक्तिः सापि परात्परा भगवती नाम्ना परा डाकिनी।
ध्येया ध्यानपरैः सदा सविनयं भक्तेष्टभूतिप्रदा॥

छिन्नमस्ता यंत्रोद्धार—छिन्नमस्ता यन्त्र बनाकर उसकी षोडशोपचार पूजा करने से ही यन्त्रोद्धार हो जाता है।



छिन्नमस्ता यन्त्र

छिन्नमस्ता मन्त्रोद्धार—सर्वप्रथम लक्ष्मी बीज, फिर लज्जा बीज का उच्चारण करना चाहिए। इस प्रकार तीन बार करने से छिन्नमस्ता मन्त्रोद्धार हो जाता है

छिन्नमस्ता मंत्र

श्रीं ह्रीं क्लीं ऐं व ज्र वै रो च नी ये हूं हुं फट् स्वाहा।

छिन्नमस्ता मन्त्र फल—आधी रात को नित्य इस मन्त्र का जप करने से सरस्वती सिद्धि हो जाती है और साथ ही साथ इसकी वाक् सिद्धि भी हो जाती है। इस मन्त्र का सवा लाख जप करने से स्तम्भन सिद्धि हो जाती है जिससे कि वह समूह स्तम्भन कर सकता है। यदि केवल मात्र इस मन्त्र का नित्य जाप ही किया जाय तो उससे सभी पाप समाप्त हो जाते हैं।

वस्तुतः यह मन्त्र अत्यन्त ही गोपनीय है और योग्य पात्र देखकर ही इस मन्त्र का विधान बताना चाहिए।

त्रिपुरभैरवी मन्त्र

आर्थिक उन्नति-रोग शान्ति, ऐश्वर्य-प्राप्ति तथा त्रैलोक्य-विजय के लिए त्रिपुर-भैरवी साधना की जाती है। वास्तव में ही यह मंत्र अत्यन्त ही महत्त्वपूर्ण माना गया है।



त्रिपुरभैरवी यन्त्र

त्रिपुरभैरवी ध्यान

उद्यद्भानुसहस्रकान्तिमरुणक्षौमां शिरोमालिकाम् ।
रक्तालिप्तपयोधरांजपपटीं व्विद्यामभीतिं व्वराम् ॥
हस्ताब्जैर्दधतीन्त्रिनेत्रविलसद्वक्त्रारविन्दश्रियम् ।
देवीम्बद्धहिमांशुरत्नमुकुटां वन्दे समन्दस्मिताम् ॥

त्रिपुर भैरवी यन्त्रोद्धार—इस यन्त्र को बनाकर इसकी षोडशोपचार पूजा करने से ही इस यन्त्र का उद्धार माना गया है।

त्रिपुर भैरवी मन्त्रोद्धार—सर्वप्रथम ॐ शब्द बोलकर 'हसकरी' का उच्चारण करके मूल मन्त्र का उच्चारण करने से मन्त्रोद्धार हो जाता है।

त्रिपुरभैरवी मन्त्र

ह सें ह स क रीं ह सें।

त्रिपुरभैरवी मन्त्र फल

वारमेकं पठेन्मर्त्यो मुच्यते सर्व्वसङ्कटात् ।
किमन्यद् बहुना देवि सर्व्वाभीष्टफलं लभेत् ॥
अपुत्रो लभते पुत्रिन्निर्द्धनो धनवान्भवेत् ।
दीर्घरोगात्प्रमुच्येत पञ्चमे कविराड् भवेत् ॥

धूमावती मन्त्र

पुत्र लाभ, धन रक्षा और शत्रुओं पर विजय प्राप्त करने के लिए इस मन्त्र का उपयोग किया जाता है। यह मन्त्र तुरन्त फलदायक और सुगम है।

धूमावती ध्यान

विवर्ण्णा चञ्चला दुष्टा दीर्घा च मलिनाम्बरा।
विमुक्तकुन्तला रुक्षा विधवा विरलद्विजा ॥
काकध्वजरथारूढ़ा विलम्बितपयोधरा।
शूर्प्पहस्तातिरूक्षाक्षा धूपहस्ता वरान्विता ॥
प्रवृद्धघोणा तु भृशङ्कुटिला कुटिलेक्षणा।
क्षुत्पिपासार्द्दिता नित्यम्भयदा कलहास्पदा ॥

धूमावती यन्त्रोद्धार—लेखनी से या चन्दन की कलम से आलक्तक से यह यन्त्र उत्कीर्ण करने पर यन्त्रोद्धार हो जाता है।

धूमावती मन्त्रोद्धार—धूमावती मन्त्र का आठ बार उच्चारण करने से मन्त्रोद्धार हो जाता है।

धूमावती मन्त्र

धूं धूं धू मा व ती ठः ठः।



धूमावती यन्त्र

धूमावती मन्त्र फल

धनहृष्टा धनपुष्टा दानाध्ययनकारिणी ।
धनरक्षा धनप्राणा धनानन्दकरी सदा ॥
शत्रुग्रीवाच्छिदाछाया शत्रुपद्धतिखण्डिनी ।
शत्रुप्राणहराहार्या शत्रून्मूलनकारिणी ॥
मदिरामोदयुक्तो वै देवीध्यानपरायणः ।
तस्य शत्रु क्षयं याति यदि शक्रसमो पि वै ॥

Upayogi Books

बगलामुखी मन्त्र

बगलामुखी प्रयोग और बगलामुखी अनुष्ठान विश्वविख्यात हैं। परन्तु यह प्रयोग अत्यन्त सावधानी चाहता है क्योंकि थोड़ी-सी गलती होते ही इसका विपरीत प्रभाव हो जाता है।

बगलामुखी ध्यान

मध्ये सुधाब्धिमणिमण्डपरत्नवेदी
सिंहासनोपरिगताम्परिपीतवर्णाम् ।
पीताम्बराभरणमाल्यविभूषिताङ्गी ॥
न्देवीन्नमामिघृतमुद्गरवैरिजिह्वाम् ॥



बगलामुखी यन्त्र

Upayogi Books

जिह्वाग्रमादाय करेण देवीं
वामेन शत्रून्परिपीडयन्तीम् ।
गदाभिघातेन च दक्षिणेन
पीताम्बराढयान्द्विभुजान्नमामि ।

बगलामुखी यन्त्रोद्धार—बगलामुखी यन्त्र को उत्कीर्ण करना ही यन्त्रोद्धार कहा जाता है ।

बगलामुखी मन्त्रोद्धार

प्रणवं स्थिरमायाञ्च ततश्च बगलामुखि ।
तदन्ते सर्व्वदुष्टानान्ततो वाचम्मुखम्पदम् ॥
स्तम्भयेति ततो जिह्वाङ्कीलयेति पदद्वयम् ।
बुद्धिन्नाशय पश्चात्तु स्थिरमायां समालिखेत् ॥
लिखेच्च पुनरोङ्कारं स्वाहेति पदमन्ततः ।
षट्त्रिंशदक्षरी विद्या सर्व्वसम्पत्करी मता ॥

बगलामुखी मन्त्र

ॐ ह्लीं बगलामुखि सर्व्वदुष्टानां वाचम्मुखं ।
स्तम्भय जिह्वाङ्कीलय कीलय बुद्धिन्निाशय ह्लीं ॐ स्वाहा ।

बगलामुखी मन्त्र फल—बगलामुखी मन्त्र अत्यन्त ही गोपनीय और महत्त्वपूर्ण माना गया है । तांत्रिक ग्रन्थों में कहा गया है कि जो एकचित्त होकर मात्र एक बार मन्त्र पढ़ता है तो उसके समस्त पाप क्षय हो जाते हैं । दो बार पढ़ने से सभी प्रकार के विघ्न शान्त हो जाते हैं और तीन बार पढ़ने से तो सभी प्रकार के कार्य सहज ही होने लगते हैं ।

इस मन्त्र का जप होने से शत्रुओं पर निश्चित ही विजय प्राप्त की जा सकती है और मुकदमों में पूर्ण रूप से सफलता प्राप्त होती है ।

इसके साथ ही साथ विद्या प्राप्ति के लिए, स्मरण-शक्ति बढ़ाने के लिए और आर्थिक उन्नति के लिए भी इस मन्त्र का प्रयोग किया जा सकता है ।

मातंगी मन्त्र

सुन्दरता बढ़ाने के लिए, शीघ्र विवाह तथा गृहस्थ जीवन को पूर्णतः सुखमय बनाने के लिए इस मन्त्र का अनुष्ठान करने का विधान है ।

मातंगी ध्यान

श्यामांगीं शशिशेखरान्त्रिनयनां रत्नसिंहासनस्थिताम् ।
वेदैर्बाहुदण्डैरसि—खेटक—पाशांकुशधराम् ॥

मातंगी यन्त्रोद्धार—मातंगी यन्त्र बनाकर जवा पुष्पों से पूर्ण विधि-विधान के साथ पूजा करने से मातंगी यन्त्रोद्धार होता है।



मातङ्गी यन्त्र

मातंगी मन्त्रोद्धार—सर्वप्रथम प्रणव, फिर माया बीज और काम बीज लगाकर मातंगी मन्त्र पढ़ने से मन्त्रोद्धार हो जाता है।

मातंगी मन्त्र

ॐ ह्रीं क्लीं हूं मातंग्यै फट् स्वाहा ॥

मातंगी मन्त्र फल—जीवन में पूर्ण गृहस्थ सुख और पत्नी सुख के लिए इस मन्त्र का विधान बताया गया है। साथ ही साथ यदि किसी कन्या का विवाह नहीं हो रहा हो या विवाह में बाधाएं आ रही हों अथवा मनोवांछित स्थान पर विवाह न हो रहा हो तो इस मन्त्र का प्रयोग करने से पूर्ण सफलता प्राप्त हो जाती है।

इसके साथ ही साथ पुत्र लाभ के लिए भी इस मन्त्र का प्रयोग बताया गया है। जीवन में सभी प्रकार के भौतिक सुखों की उपलब्धि के लिए यह मन्त्र अत्यन्त ही महत्त्वपूर्ण माना गया है।

कमला मन्त्र

इसे कुछ विद्वान् कमला और कुछ कमलात्मिका कहते हैं। यह लक्ष्मी का ही रूप है तथा जीवन में श्रेष्ठतम धन-प्राप्ति के लिए इसका अनुष्ठान बताया गया है।

वास्तव में ही यह अनुष्ठान व्यापार-वृद्धि के लिए, आर्थिक उन्नति के लिए, भौतिक सुखों की प्राप्ति के लिए तथा जीवन में समस्त प्रकार के सुखोपभोग के लिए महत्त्वपूर्ण माना गया है।



कमला यन्त्र

कमलात्मिका ध्यान

कान्त्या कांचनसान्निभां हिमगिरिप्रख्यैश्चतुर्भिर्गजैः ।
हस्तोत्क्षिप्तहिरण्मयामृतघटैरासिच्यमानां श्रियम् ॥
बिभ्राणां वरमब्जयुग्ममभयं हस्तैः किरीटोज्ज्वलाम् ।
क्षौमाबद्धनितम्बबिम्बलसितां वन्देऽरविन्दस्थिताम् ॥१॥

कमलात्मिका यन्त्रोद्धार—यन्त्र को उत्कीर्ण कर षोड चार से पूजा करना ही यन्त्रोद्धार माना गया है ।

कमलात्मिका मन्त्रोद्धार—सर्वप्रथम मन्त्र को लिखकर वाग्बीज, लज्जाबीज, श्री बीज, लिखकर ॐ शब्द लिखना चाहिए और फिर मूल मन्त्र लिखकर फिर श्री बीज, लज्जाबीज, तथा वाग्बीज, लिखने से मन्त्रोद्धार हो जाता है ।

कमलात्मिका मन्त्र

ॐ ऐं ह्रीं श्रीं क्लीं ह् सौः ज ग त्प्र सू त्यै नमः ॥

कमलात्मिका मन्त्र फल—शास्त्रों में उल्लेख है कि इस मन्त्र से ऊंचा कोई मन्त्र आर्थिक समृद्धि के लिए नहीं है । इस मन्त्र और इसके अनुष्ठान से मनुष्य जीवन में आर्थिक भौतिक क्षेत्र में उच्चतम शिखर पर पहुंचने में समर्थ हो सकता है। दरिद्रता-निवारण, व्यापार-उन्नति, तथा आर्थिक उन्नति के लिए इस मन्त्र का प्रयोग सर्वश्रेष्ठ माना गया है ।

वास्तव में ही यह मन्त्र लक्ष्मी मन्त्र और कनकधारा मन्त्र से भी बढ़कर फलदायक सिद्ध हुआ है । आवश्यकता इस बात की है कि यह अनुष्ठान पूर्ण विधि-विधान के साथ किया जाय जिससे कि श्रेष्ठ फल प्राप्त किया जा सके ।

दुर्गा मन्त्र

जीवन में मोक्ष-प्राप्ति के लिए और सभी क्षेत्रों में समान रूप से पूर्ण सफलता के लिए इस मन्त्र का प्रयोग किया जाना अनुकूल माना जाता है ।

दुर्गा ध्यान

सिंहस्कन्धसमारूढ़ान्नानालंकारभूषिताम् ।
चतुर्भुजाम्महादेवीन्नागयज्ञोपवीतिनीम् ॥
रक्तवस्त्रपरीधानाम्बालार्क्कसदृशीतनुम् ।
नारदाद्यैर्म्मुनिगणैः सेविताम्भवगेहिनीम् ॥
त्रिवलीवलयोपेतनाभिनालसुवेशिनीम् ।
रत्नद्वीपे महाद्वीपे सिंहासनसमन्विते ॥
प्रफुल्लकमलारूढ़ान्ध्यायेताम्भवगेहिनीम् ॥

दुर्गा यन्त्रोद्धार—दुर्गा यन्त्र का उत्कीर्ण करके उसका पूजन करने से दुर्गा यन्त्रोद्धार हो जाता है ।

दुर्गा मन्त्रोद्धार—दुर्गा मन्त्र का १०८ बार उच्चारण करने से ही दुर्गा मन्त्रोद्धार हो जाता है।

दुर्गा मन्त्र

ॐ ह्रीं दु न्दु र्गा यै नमः ॥

दुर्गा मन्त्र फल—सभी प्रकार की सिद्धियों के लिए इस मन्त्र का प्रयोग किया जाता है, साथ ही साथ शक्तिमान, भूमिवान, बनने के लिए इस साधना का प्रयोग अनुकूल माना गया है।



दुर्गा यन्त्र

शिव मन्त्र

मोक्ष-प्राप्ति के लिए तथा मृत्यु-भय को समाप्त करने के लिए इससे बढ़कर कोई मन्त्र नहीं है। शास्त्रों में कहा गया है कि जो इस मन्त्र का जप या अनुष्ठान

करता है उसकी इच्छा-मृत्यु होती है और जीवन में उसे रोग, शोक, भय, व्याधि, व्याप्त नहीं होती ।

शिव ध्यान

ध्यायेन्नित्यम्महेशं रजतगिरिनिभन्चारुचन्द्रावतंसम् ।
रत्नाकल्पोज्ज्वलांगम्परशुमृगवरभीतिहस्तम्प्रसन्नम् ॥
पद्मासीनं समन्तात्स्तुतममरगणैव्र्व्याघ्रकृत्तिंव्वसानम् ।
व्विश्वाद्यं व्विश्वबीजन्निखिलभयहरम्पञ्चवक्त्रन्त्रिनेत्रम् ॥



शिव यंत्र

शिव यन्त्रोद्धार—शिव यन्त्र बनाकर उसकी पंचोपचार पूजा करने से ही शिव यन्त्रोद्धार हो जाता है ।

शिव मन्त्रोद्धार—प्रारम्भ में प्रणव लगाकर मन्त्र उच्चारण करना चाहिए और इस प्रकार पांच बार उच्चारण करने से मंन्त्रोद्धार हो जाता है ।

शिव मन्त्र

ॐ नम शिश वा य ।

शिव मन्त्र फल—यह छः अक्षरों का मन्त्र अत्यन्त ही महत्त्वपूर्ण और सिद्धि-दायक माना गया है । इसके जप करने से जीवन में किसी प्रकार का दुःख, बन्धन, या कष्ट नहीं रहता । मृत्यु भय समाप्त करने, रोग निवारण करने, तथा जीवन में मोक्ष प्राप्ति के लिए इस मन्त्र का सतत जप होना चाहिए । शास्त्रों में कहा गया है कि चौबीस लाख मन्त्र जपने पर साधक स्वयं शंकरवत् हो जाता है ।

गणेश मन्त्र

किसी भी मांगलिक कार्य में सबसे पहले गणपति का ध्यान और पूजा की जाती है क्योंकि गणपति विघ्नों को नाश करने वाले तथा मंगलमय वातावरण बनाने वाले माने गये हैं ।



गणेश यन्त्र

गणेश मन्त्र जप करने से जीवन में किसी भी प्रकार का अभाव नहीं रहता और वह जीवन में पूर्ण भौतिक और आध्यात्मिक सफलता प्राप्त करने में समर्थ हो जाता है। क्योंकि यही एक ऐसे देवता हैं जो भौतिक और आध्यात्मिक दोनों ही प्रकार की सफलताओं को एक साथ देने में समर्थ हैं।

गणेश ध्यान

हस्तीन्द्राननमिन्दुचूडमरुणच्छायन्त्रिनेत्रं रसा ।
श्लिष्टम्प्रियया सपद्मकरया स्वांकस्थया सन्ततम् ।
बीजापूरगदाधनुस्त्रिशिखियुक्चक्राब्जपाशोत्पल
ङ्कंजाभैः स्वविषाणरत्नकलशौ हस्तेर्व्वहन्तम्भजे ॥

गणेश यन्त्रोद्धार—गणेश यन्त्र बनाकर उसका पूजन करने से ही गणेश यन्त्रोद्धार हो जाता है।

गणेश मन्त्रोद्धार—इस मन्त्र को २८ बार स्मरण करने से ही मन्त्रोद्धार हो जाता है।

गणेश मन्त्र

ॐ श्रीं ह्रीं क्लीं ग्लौं गंगणपतये वरवरद
सर्व्वजनम्मे वशमानय ठः ठः ।

गणेश मंत्र फल—सभी प्रकार के विघ्नों के नाश हेतु, सभी सिद्धियों की प्राप्ति हेतु तथा समस्त प्रकार के पापों का नाश करने के लिए इस प्रकार के अनुष्ठान का विधान शास्त्रों में बताया गया है।

ग्रह पीड़ा, ज्वर, रोग आदि तो मंत्र उच्चारण करते ही समाप्त हो जाते हैं। धन-धान्य की वृद्धि के लिए तथा समस्त प्रकार के सुखों के लिए इस मंत्र का जप अत्यन्त महत्त्वपूर्ण माना गया है।

सूर्य मंत्र

आंखों की रोशनी बढ़ाने के लिए, चेहरे पर तेजस्विता लाने के लिए तथा जीवन में दीर्घायु प्राप्त करने के लिए इस अनुष्ठान का विधान शास्त्रों में प्रामाणिक माना गया है।

सूर्य ध्यान

भास्वद्रत्नाढ्यमौलिः स्फुरदधररुचारञ्जितश्चारुकेशी ।
भास्वान्योदिव्यतेजा करकमलयुतः स्वर्ण्णवर्ण्ण प्रभाभिः ।
विश्वाकाशावकाशो ग्रहगणसहितो भाति यश्चोदयाद्रौ
सर्व्वानन्दप्रदाता हरिहरनमित पातु मां व्विश्वचक्षुः ॥

सूर्य यन्त्रोद्धार—सर्वप्रथम सूर्य यंत्र बनाकर प्रणव, माया बीज आदि से पूजन करना ही यंत्रोद्धार माना गया है।



सूर्य यन्त्र

सूर्य मंत्रोद्धार—इस आठ अक्षरों वाले मंत्र का आठ बार उच्चारण करने से ही मंत्रोद्धार हो जाता है ।

सूर्य मन्त्र

ॐ घृणिः सूर्य्य आदित्यः ।

सूर्य मंत्र फल—शास्त्रों में बताया गया है कि इस मंत्र का जप करने से जीवन-भर उसके चेहरे की कान्ति बनी रहती है और ज्यों-ज्यों आयु बढ़ती है त्यों-त्यों उसकी आँखों की चमक भी बढ़ती रहती है ।

भूत, प्रेत, पिशाच, आदि इस मंत्र के उच्चारण करते ही भाग जाते हैं । यदि कोई इस मंत्र को भोजपत्र पर अष्ट गंध से अंकित कर दाहिनी भुजा पर बांधे तो वह निश्चय ही त्रैलोक्य विजय में सफलता प्राप्त करता है ।

Upayogi Books

सभी प्रकार के मंगल कार्य उसके घर में होते रहते हैं तथा ऐसा व्यक्ति धनवान, पुत्रवान, कीर्तिमान और विद्यावान होता है।

स्मरण शक्ति बढ़ाने के लिए और जीवन में अपने व्यक्तित्व को विश्वव्यापी बनाने के लिए यह अनुष्ठान अत्यन्त ही सहायक माना गया है।

वस्तुतः इस मंत्र को मंत्रराज कहा जाता है अतः दीर्घायु, स्वास्थ्य, भौतिक सुख, कीर्ति-लाभ, आदि के लिए इस मंत्र का जप सतत करते रहना चाहिए।

वास्तव में ही इस कलियुग में यह मंत्र अत्यन्त ही महत्त्वपूर्ण और तुरन्त फलदायक माना गया है।

विष्णु मंत्र

जीवन में आर्थिक, भौतिक उन्नति के लिए तथा सभी प्रकार से जीवन में पूर्णता प्राप्ति के लिए यह अनुष्ठान सबसे अधिक महत्त्वपूर्ण माना गया है।

विष्णु ध्यान

शान्ताकारम्भुजगशयनम्पद्मनाभं सुरेशम्।
विश्वाधारंगनसदृशम्मेघवर्णं शुभांगम्।
लक्ष्मीकान्तंकमलनयनं योगिभिर्ध्यानिगम्यम्।
वन्दे विष्णुम्भवभयहरं सर्व्वलोकैकनाथम्॥

विष्णु यन्त्रोद्धार[1]—विष्णु यंत्र बनाकर उसकी षोडशोपचार पूजा करने से विष्णु यंत्रोद्धार हो जाता है।

विष्णु मंत्रोद्धार—विष्णु मन्त्र का १०८ बार उच्चारण करने से मंत्रोद्धार हो जाता है।

विष्णु मन्त्र

ॐ नमो नारायणाय।

विष्णु मंत्र फल—कुटुम्ब में प्रसन्नता, घर में एकता, भौतिक उन्नति, साधु-सन्तों का समागम, अक्षय कीर्ति तथा समस्त प्रकार की सिद्धियों के लिए यह मन्त्र और अनुष्ठान अत्यन्त ही सफल और प्रामाणिक माना गया है।

षडक्षर वक्रतुण्ड मंत्र

यह मंत्र ऋद्धि सिद्धि देने वाला तथा आर्थिक दृष्टि से पूर्ण सफलता देने वाला माना गया है।

---

१. शिव यंत्र और विष्णु यंत्र में अन्तर नहीं है। अतः पृष्ठ २९७ पर बने शिव यन्त्र को ही विष्णु यन्त्र ही समझें।

विनियोग

ॐ अस्य श्री गणेश मंत्रस्य भार्गवऋषिः, अनुष्टुप् छंदः, विघ्नेशो देवता, वं बीजम्ः, यं शक्तिः, ममाभीष्ट सिद्धये जपे विनियोगः ।

ध्यान

उद्यद्दिनेश्वररुचिं निजहस्तपद्मैः,
पाशांकुशाभयवरान्दधतं गजास्यम् ।
रक्तांबरं सकलदुःखहरं गणेशं,
ध्यायेत्प्रसन्नमखिलाभरणाभिरामम् ॥

वक्रतुण्ड गणेश यंत्र—इस यन्त्र को बनाकर इसकी षोडशोपचार पूजा करने से यह यन्त्र सिद्ध हो जाता है । इस यन्त्र को भोजपत्र पर अंकित कर यदि दाहिनी भुजा पर बांधे तो उसके जीवन में किसी भी प्रकार से आर्थिक अभाव नहीं रहता ।

षडक्षर वक्रतुण्ड मन्त्र

वक्रतुण्डाय हुं

मन्त्रफल : यह मन्त्र गणेश जी का प्रिय मन्त्र है और सवा लाख मन्त्र जप करने से यह सिद्ध हो जाता है । इसमें इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि अनुष्ठान में पूर्णतः ब्रह्मचर्य व्रत पालन करे और सवा लाख मन्त्र जप करने के बाद दशांश जप करे और आहुति दे । ऐसा करने से यह मन्त्र सिद्ध हो जाता है ।

एकत्रिंशदक्षर वक्रतुण्ड मन्त्र

यह ३१ अक्षरों वाला गणेश मन्त्र है और अत्यन्त ही महत्त्वपूर्ण तथा गोपनीय माना गया है ।

विनियोग

ॐ अस्य श्री वक्रतुण्ड गणेश मंत्रस्य, भार्गव ऋषिः, अनष्टुप् छंदः, विघ्नेशो देवता, यं बीजम्, यं शक्ति । ममाभीष्टसिद्धये जपे विनियोगः ।

ध्यान—इसका ध्यान भी ऊपर षडक्षर वक्रतुण्ड मन्त्र का ध्यान जो दिया है वही है । तथा इसका यन्त्र भी वही है तथा उसको सिद्ध करने की विधि भी उसी प्रकार से है जिस प्रकार से षडक्षर वक्रतुण्ड मन्त्र की है ।

एकत्रिंशदक्षर वक्रतुण्ड मन्त्र

रायस्पोषस्य ददिता निधिदो रत्न धातुमान,
रक्षोहणोवलगहनोवक्रतुंडाय हुं ।

उच्छिष्टगणपतिनवार्ण मन्त्र

यह मन्त्र विशेष रूप से तांत्रिक गणपति साधना करने के लिए सफल माना गया है और इसकी विधि, पूजा-विधान सभी कुछ तांत्रिक तरीके से ही है ।

विनियोग

ॐ अस्य श्री उच्छिष्ट गणेश नवार्णमंत्रस्य, कंकोल ऋषिः, विराट् छंद, उच्छिष्टगणपतिर्देवता, अखिलाप्तये जपे विनियोगः ।

ध्यान

चतुर्भुजं रक्ततनुं त्रिनेत्रं
पाशांकुशो मोदकपात्रदंतौ ।
करैर्दधानं सरसीरुहस्थ
मुन्मत्त मुच्छिष्ट गणेश मीडे ।

उच्छिष्टगणपतिनवार्ण मन्त्र

हस्तिपिशाचिलिखे स्वाहा ।।

फल—यह मन्त्र अत्यन्त ही महत्त्वपूर्ण माना गया है और इसके माध्यम से आर्थिक अनुकूलता एवं भौतिक समृद्धि तुरन्त प्राप्त होती है ।

जिसको तांत्रिक साधना में रुचि हो उसे इस मन्त्र को अवश्य ही सिद्ध करना चाहिए ।

शक्तिविनायक मन्त्र

यह मन्त्र आर्थिक उन्नति के साथ-साथ धन, धान्य, पृथ्वी, भवन, कीर्ति, यश, सम्मान. वाहन आदि भौतिक सुखों में भी शीघ्र सफलताप्रदायक है ।

यह मन्त्र पांच लाख जपने से सिद्ध होता है । इसमें साधना काल में एक बार आहार लेना चाहिए और इसके अलावा पूरे दिन में किसी भी प्रकार का व्यसन या अन्य पदार्थ का उपयोग नहीं करना चाहिए ।

विनियोग

ॐ अस्य शक्तिगणाधिपमंत्रस्य भार्गव ऋषिः, विराट् छंद, शक्तिगणाधिपो देवता, श्री बीजम्, ह्रीं शक्तिः, ममाभीष्टसिद्धये जपे विनियोगः ।

ध्यान

विषाणां कुशावक्षसूत्रं च पाशं ।
दानं करैर्मोदकं पुष्करेण ।।
स्वपत्न्यायुतं हेमभूषामराढ्यं ।
गणेशं समुद्याद्दिनेशाभमीडे ।।

शक्ति विनायक मन्त्र

ॐ ह्रीं ग्रीं ह्रीं ।

फल—यह मन्त्र तुरन्त और अचूक फल देने में समर्थ है। अतः जिनको जल्दी भौतिक सुख प्राप्त करना हो उन्हें इस मन्त्र को सिद्धि करनी चाहिए।

लक्ष्मी विनायक मन्त्र

यह लक्ष्मी और गणपति का सयुक्त मन्त्र है तथा इसे विशेष फलदायक मन्त्र माना गया है। इसे साधना में सफल करने के लिए साधक को पूर्ण ब्रह्मचर्य व्रत पालन करने के साथ-साथ सात्विक आहार का सेवन करना चाहिए।

विनियोग

अस्य लक्ष्मी विनायक मंत्रस्य अन्तर्यामी ऋषि, गायत्री छन्द, लक्ष्मीविनायको देवता, श्रीं बीजं, स्वाहा शक्तिः, ममाभीष्ट सिद्ध् यर्थे जपे विनियोगः।

ध्यान

दन्तामये चक्रवरौ दधानं, कराग्रगं स्वर्णघटं त्रिनेत्रम्।
धृताब्जयालिंगितमब्धिपुत्र्या लक्ष्मी गणेशं कनकाममीडे।

लक्ष्मी विनायक मन्त्र

ॐ श्रीं गं सौम्याय गणपतये।
वरवरद सर्वजनम्मे वशमानय स्वाहा॥

फल—पांच लाख मन्त्र जपने से यह मन्त्र सिद्ध होता है। इसमें ज्यादा से ज्यादा चौबीस दिन लगने चाहिए। तथा इस मन्त्र को रात्रि में ही जपना चाहिए।

त्रैलोक्यमोहन कर गणेश मन्त्र

यह मन्त्र सम्मोहन कार्यों में विशेष रूप से उपयोगी है। और जो साधक इस मन्त्र को सिद्ध कर लेता है उसके चेहरे में स्वतः ही ओजस्विता आ जाती है। फलस्वरूप उसके प्रभाव से बात करने वाला व्यक्ति स्वयं ही सम्मोहित हो जाता है।

विनियोग

अस्य श्री त्रैलोक्यमोहन कर गणेश मन्त्रस्य गणक ऋषि, गायत्री छन्दः, त्रैलोक्य मोहन करो गणेशो देवता, ममाभीष्ट सिद्ध्यर्थे जपे विनियोगः।

ध्यान

गदाबीजपूरे धनुः शूलचक्रे, सरोजोत्पले पाशधान्याग्रदन्तान्।
करैः संदधानं स्वशुंडाग्रराजन्मणी कुम्भमंगाधिरूढं स्वपत्न्या॥

सरोजन्मना भूषणानां भरेणोज्ज्वलद्धस्ततन्वया समालिंगितांगम् ।
करीन्द्राननं चन्द्रचूडं त्रिनेत्रं जगन्मोहनं रक्तकांतिं भजेत्तम् ॥

त्रैलोक्य मोहन कर गणेश मन्त्र

वक्र तुंडकदंष्ट्राय क्लीं ह्रीं श्रीं गं गणपते वरवरद सर्वजनं मे वशमानय स्वाहा ।

फल—पांच लाख मन्त्र करने से यह मन्त्र सिद्ध होता है । इसमें गणपति की मूर्ति सामने होनी चाहिए और उस पर त्राटक करते हुए मन्त्र जपना चाहिए ।

साधना काल में एक समय भोजन करना चाहिए तथा ब्रह्मचर्य व्रत का दृढ़ता से पालन करना चाहिए ।

ऋणहर्ता गणेश मन्त्र

यह ऋण दूर करने तथा दरिद्रता नाश करने के लिए सर्वोत्तम मन्त्र है । प्रत्येक गृहस्थ को इस मन्त्र का जप नित्य करना चाहिए ।

विनियोग

ॐ अस्य श्री ऋणहरण कर्तृ गणपति स्तोत्र मन्त्रस्य सदाशिव ऋषिः, अनुष्टुप छन्दः, श्री ऋण हर्तृ गणपतिर्देवता, ग्लौं बीजम्, गः शक्तिः, गौं कीलकम् । मम सकलऋणनाशने जपे विनियोगः ।

ध्यान

ॐ सिंदूर वर्णं द्विभुजं गणेशं लम्बोदरं पद्मदले निविष्टम् ।
ब्रह्मादिदेवैः परिसेव्यमानं सिद्धैर्युतं तं प्रणमामि देवम् ॥

सृष्ट्यादौ ब्रह्मणा सम्यक् पूजितः फलसिद्धये ।
सदैव पार्वतीपुत्रः ऋणनाशं करोतु मे ॥
त्रिपुरस्य वधात्पूर्वं शंभुना सम्यगर्चितः
सदैव पार्वतीपुत्रः ऋणनाशं करोतु मे ॥
हिरण्यकश्यप्वादीनां वधार्थे विष्णुनार्चितः ।
सदैव पार्वतीपुत्रः ऋणनाशं करोतु मे ॥
महिषस्य वधे देव्या गणनाथः प्रपूजितः ।
सदैव पार्वतीपुत्रः ऋणनाशं करोतु मे ॥

ऋणहर्ता गणेश मन्त्र

ॐ गणेश ऋणं छिंधि वरेण्यं हुं नमः फट् ॥

फल—यह दरिद्र नाश के लिए सर्वोत्तम विधान है और यहां तक कहा गया है कि जिसके घर में एक बार भी इस मन्त्र का उच्चारण हो जाता है उसके घर में कभी भी ऋण या दरिद्रता नहीं आ सकती ।

हरिद्रा गणेश मन्त्र

यह मन्त्र गृहस्थ जीवन सुखी बनाने के लिए तथा पौरुष, वीरता, वीर्य-स्तंभन तथा पूर्ण सम्भोग सुख एवं नपुंसकता समाप्त करने के लिए सर्वश्रेष्ठ माना गया है।

विनियोग

अस्य हरिद्रा गणनायक मन्त्रस्य मदन ऋषिः, अनुष्टुप्छन्दः, हरिद्रागणनायको देवता, ममाभीष्टसिद्धयर्थे जपे विनियोगः।

ध्यान

पाशांकुशौ मोदकमेकदंतं करैर्दधानं कनकासनस्थम्।
हारिद्रखण्डप्रतिमं त्रिनेत्रं पीतांशुकं रात्रि गणेश मीडे॥

हरिद्रागणेश मन्त्र

ॐ हुं गं ग्लौं हरिद्रा गणपतये वरवरद सर्वजन हृदयं स्तंभय स्तंभय स्वाहा।

फल—यह साधना सरल होने के साथ-साथ विशेष सावधानी की अपेक्षा रखती है। साधक को साधना करते समय पीले रंग के वस्त्र ही धारण करने चाहिए तथा इसमें हल्दी के टुकड़ों से निर्मित माला का प्रयोग किया जाना चाहिए।

रात्रि को बिछौना पीले रंग का होना चाहिए तथा भोजन करते समय उसमें एक वस्तु बेसन की अवश्य होनी चाहिए तथा एक बार भोजन करने के साथ ही साथ पूर्णतः ब्रह्मचर्य पालन अत्यन्त आवश्यक है।

सिद्धि विनायक मन्त्र

प्रत्येक प्रकार की साधना से पूर्व साधक लोग इस मन्त्र को सिद्ध कर लेते हैं जिससे कि साधना में सफलता मिल सके और साधना-काल में किसी प्रकार की बाधा उपस्थित न हो।

विनियोग

ॐ ह्रीं क्लीं वीरवर गणपतये वः वः इदं विश्वं मम वशमानय ॐ ह्रीं फट्।

ध्यान

ॐ गं गणपतये सर्वविघ्न हराय सर्वाय
सर्वं गुरवे लंबोदराय ह्रीं गं नमः।

सिद्धि विनायक मन्त्र

ॐ नमो सिद्धिविनायकाय सर्वकार्यकर्त्रे सर्वविघ्न प्रशमनाय सर्वराज्य वश्यकरणाय सर्वजन सर्वस्त्री पुरुषाकर्षणाय श्रीं ॐ स्वाहा।

फल—यह मन्त्र अत्यन्त ही महत्त्वपूर्ण और श्रेष्ठ माना गया है। इसके बारे में कहा गया है कि प्रत्येक गृहस्थ को १०८ बार इस मन्त्र का उच्चारण प्रतिदिन

अवश्य ही करना चाहिए जिससे कि दिनभर उसे प्रत्येक कार्य में सफलता मिलती रहे। यदि यात्रा काल में इस मन्त्र को जपा जाय तो मार्ग भय नहीं रहता और उसकी यात्रा सफल होती है।

साधना में लाल वस्त्र पहनना चाहिए और रक्त चन्दन का त्रिपुण्ड लगाकर सवा लाख मन्त्र जप चौबीस दिन में पूरे करने चाहिए जिससे कि यह मन्त्र सिद्ध हो सके। इसके बाद मन्त्र का दशम भाग यज्ञ में आहुति देनी चाहिए। जप काल में भूमि पर सोना चाहिए। यदि कुम्हार के यहां से मृत्तिका लाकर गणेश की प्रतिमा बनाकर नित्य उसके सामने एक हजार जप करे तो भी सात दिनों में यह मन्त्र सिद्ध हो जाता है।

इस मन्त्र के जप करने से स्मरण शक्ति बढ़ती है। अविवाहित शीघ्र विवाह कर लेते हैं और आर्थिक अभाव वाले व्यक्ति सम्पन्न हो जाते हैं।

यदि नित्य सायंकाल एक हजार जप एक आसन पर किया जाय तो सौ दिन में वाक् सिद्धि हो जाती है और वह जो भी कहता है वह पूर्ण हो जाता है।

यदि नित्य दोपहर में एक आसन पर एक हजार मन्त्र जप करे और इस प्रकार एक महीने तक जप करे तो वह पूर्ण धनवान बनकर पूर्ण भौतिक सुख प्राप्त करने में सफल हो पाता है।

यदि आक की जड़ के गणपति बनाकर उसके सामने नित्य पांच हजार जप करे और इस प्रकार चाबीस दिन मन्त्र जप हो तो उसे श्रेष्ठतम धन लाभ होता है और वह कुबेर के समान धनपति हो जाता है।

शिव पंचाक्षरी मन्त्र

यह मन्त्र सामान्य और सरल होते हुए भी अत्यन्त प्रभावपूर्ण है और शास्त्रों के अनुसार इसका प्रभाव तुरन्त एव अचूक होता है।

प्रत्येक गृहस्थ को चाहिए कि वह इस प्रकार के मन्त्र का उपयोग अपने दैनिक जीवन में करे।

विनियोग

अस्य श्री शिवपंचाक्षरी मन्त्रस्य वामदेव ऋषिः, पंक्तिश्छन्दः, ईशानो देवता, ॐ बीजम्, नमः शक्तिः, शिवायेति कीलकम्, चतुर्विध पुरुषार्थ सिद्धयर्थे न्यासे विनियोगः।

ध्यान

ध्यायेन्नित्यं महेशं रजतगिरिनिभं चारुचन्द्रावतंसम्।
रत्नाकल्पोज्ज्वलांगं परशुमृगवराभीतिहस्तं प्रसन्नम्॥
पद्मासीनं समंतात्स्तुतममरगणै व्याघ्र कृतिवसानम्।
विश्वाद्यं विश्वबीजं निखिलभयहरं पंचवक्त्रं त्रिनेत्रम्॥

शिव पंचाक्षरी मन्त्र

ॐ नमः शिवाय ।

फल—यह मन्त्र उन साधकों के लिए अत्यन्त ही महत्त्वपूर्ण है जो गृहस्थ हैं और ज्यादा विधि-विधान नहीं कर पाते । क्योंकि यह मन्त्र चलते-फिरते हर समय जपा जा सकता है । दस लाख मन्त्र जपने पर यह सिद्ध हो जाता है ।

अष्टाक्षरी शिव मन्त्र

यह मन्त्र आर्थिक समृद्धि तथा जीवन में सभी दृष्टियों से ऊंचा उठने के लिए अनुकूल तथा सहायक है ।

विनियोग

ॐ अस्य श्री शिवाष्टाक्षर मन्त्रस्य वामदेव ऋषिः, पंक्तिश्छन्दः, उमापतिर्देवता सर्वेष्ट सिद्धये विनियोगः ।

ध्यान

बंधूकसन्निभ देवं त्रिनेत्रं चन्द्रशेखरम् ।
त्रिशूलधारिणं वंदे चारुहासं सुनिर्मलम् ॥
कपालधारिणं देव वरदाभय हस्तकम् ।
उमया सहितं शंभुं ध्यायेत्सोमेश्वरं सदा ॥

अष्टाक्षरी शिव मन्त्र

ह्रीं ॐ नमः शिवाय ह्रीं ।

फल—इस मन्त्र का जप एक लाख किया जाता है और फिर इसका दशांश मधु एवं घृत की आहुतियां देकर यज्ञ किया जाता है तब यह मन्त्र सिद्ध हो पाता है ।

यह मन्त्र सौभाग्य, सम्पदा, मोक्ष एवं सर्वतोमुखी उन्नति के लिए अत्यन्त ही अनुकूल है ।

त्र्यक्षर मृत्युञ्जय मन्त्र

रोग, शान्ति तथा मृत्यु भय को दूर करने के लिए यह मन्त्र सर्वाधिक उपयोगी माना गया ।

विनियोग

अस्य त्र्यक्षरात्मक मृत्युञ्जय मन्त्रस्य, कहोल ऋषिः, गायत्री छन्दः, मृत्युञ्जयो महादेवो देवता, जूं बीजम्, सः शक्तिः, सर्वेष्ट सिद्धयर्थे जपे विनियोगः ।

Upayogi Books

ध्यान

> **चन्द्रार्काग्नि विलोचनं स्मितमुखं पद्मद्वयांतः स्थितम् ।**
> **मुद्रापाश, मृगांक्ष सूत्र विलसत्पाणिं हिमांशुप्रभम् ।**
> **कोटीरेन्दु गलत्सुधाप्लुततनु हाराधि भूषोज्ज्वलम् ।**
> **कान्या विश्वविमोहनं पशुपतिं मृत्युञ्जयं भावयेत् ॥**

त्र्यक्षर मृत्युञ्जय मन्त्र

ॐ ह्रौं जूं सः ।

फल—इस मन्त्र का तीन लाख जप करने से यह सिद्ध होता है । पुरश्चचरण के लिए दशांश दुग्ध, जल, तिल, घी, और शक्कर लेकर यज्ञ करना चाहिए । ऐसा करने से ही मन्त्र सिद्ध होता है ।

यह मन्त्र सिद्ध होने से वाक् सिद्धि, आयु, आरोग्य, सम्पत्ति, यश, पुत्र आदि में अनुकूल सुख प्राप्त होता है । इससे असाध्य रोग दूर होता है तथा जीवन में किसी भी प्रकार की लम्बी बीमारी या कष्ट नहीं आ पाता ।

त्र्यम्बक मन्त्र

यह मन्त्र कालभक्षी माना गया है । जिसकी आयु कम हो उसे इस मन्त्र का विधान अवश्य ही करना चाहिए ।

विनियोग

अस्य त्र्यम्बक मन्त्रस्य वसिष्ठ ऋषिः, अनुष्टुप् छन्दः, त्र्यम्बक पार्वती पतिर्देवता, त्र्यं बीजम्, वं शक्तिः, कं कीलकम्, सर्वेष्ट सिद्ध्यर्थे जपे विनियोगः ।

ध्यान

> **हस्ताभ्यां कलशद्वयामृतरसैराप्लावयंतं शिरो ।**
> **द्वाभ्यां तौ दधतं मृगाक्षवलये द्वाभ्यां वहंतं परम् ॥**
> **अंकन्यस्त करद्वयामृतघटं कैलासकांतं शिवम् ।**
> **स्वच्छांभोजगतं नवेन्दु मुकुटं देवं त्रिनेत्रं भजे ॥**

त्र्यम्बक मन्त्र

> **ॐ त्र्यम्बकं यजामहे सुगंधिं पुष्टिवर्धनम् ।**
> **उर्वारुकमिव बन्धनान्मृत्योर्मुक्षीय मामृतात् ॥**

फल—इस मन्त्र का एक लाख जप करने से व्यक्ति समस्त इन्द्रियों को जीत लेता है । इस मन्त्र को सिद्ध करने के लिए शिव पर बिल्व, पलाश आदि चढ़ाने चाहिए । मन्त्र सिद्ध होने पर वह शत्रुओं पर पूर्ण विजय प्राप्त करता है और उसकी इच्छा मृत्यु होती है ।

महामृत्युञ्जय मन्त्र

यह सर्वश्रेष्ठ मन्त्र कहा गया है और रोग-शान्ति, तथा मृत्यु पर विजय प्राप्त करने के लिए इससे बढ़कर और कोई मन्त्र नहीं है।

शास्त्रों में कहा गया है कि जिसके घर में इस मन्त्र की एक माला नित्य फेरी जाती है उसे किसी भी प्रकार का रोग, अकाल मृत्यु, मृत्यु भय आदि नहीं व्याप्त होता।

विनियोग

ॐ अस्य श्री महामृत्युञ्जय मन्त्रस्य वामदेव कहोल वसिष्ठा ऋषयः, पंक्ति गायत्र्यनुष्टुभश्छन्दांसि, सदाशिव महामृत्युञ्जय रुद्रा देवताः, श्री बीजम्, ह्रीं शक्तिः, महामृत्युञ्जय प्रीतये जपे विनियोगः।

ध्यान

हस्ताम्भोज युगस्थ कुंभ युगला दुद्धृत्य तोयं शिरः।
सिंचंतं करयोर्युगेन दधतं स्वांके सकुंभौ करौ॥
अक्षस्रड् मृगहस्तमम्बुजगतं मूर्द्धस्थ चन्द्रस्रवत्।
पीयूषोन्नतनुं भजे सगिरिजं मृत्युञ्जयं त्र्यम्बकम्॥

महामृत्युञ्जय मन्त्र

ॐ ह्रौं ॐ जूं सः भुर्भुवः स्वः त्र्यम्बकं यजामहे
सुगंधिं पुष्टि वर्धनम्।
उर्वा रुकमिव बंधनान् मृत्योर्मुक्षीय मामृतात्
भूर्भुवः स्वरों जूं सः ह्रौं ॐ।

फल—यह मन्त्र प्रत्येक साधक को स्मरण है और इसे शंकर का सर्वाधिक प्रिय मन्त्र माना गया है। मृत्यु भय को टालने के लिए तथा अकाल मृत्यु को समाप्त करने के लिए इससे बढ़कर न तो कोई मन्त्र है और न कोई अनुष्ठान ही।

इस मन्त्र में रोग निवारण की अद्भुत शक्ति है। सवा लाख मन्त्र जप करने से यह मन्त्र सिद्ध होता है। मन्त्र जप का दशांश बिल्व फल तथा तिल लेकर हवन किया जाता है।

जिसको यह मन्त्र सिद्ध होता है वह सौ वर्ष से ज्यादा आयु प्राप्त करता है तथा अन्तिम क्षण तक उसका शरीर सुगठित, सुन्दर, एवं स्वस्थ बना रहता है। जीवन में वह पुत्रवान, पौत्रवान, श्रीमान तथा अक्षय कीर्ति का अधिकारी होता है।

कुटुम्ब रक्षा, अकाल मृत्यु तथा बलाघात जैसे अशुभ योगों के लिए यह मन्त्र सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण है।

रुद्र मन्त्र

यह मन्त्र शिव को प्रसन्न करने वाला है तथा इस मन्त्र को सिद्ध करने पर शंकर स्वयं साक्षात् दर्शन देते हैं।

विनियोग

अस्य श्री रुद्र मन्त्रस्य बौधायन ऋषिः, पंक्तिश्छन्दः, रुद्रो देवता, ममाभीष्ट सिद्धयर्थे जपे विनियोगः ॥

ध्यान

कैलासाचल सन्निभं त्रिनयनं पंचास्यमंबायुतम्।
नीलग्रीव महीश भूषण धरं व्याघ्रत्वचा प्रावृतम् ॥
अक्षस्रग्वर कुंडिका भयकरं चांद्रीं कलां बिभ्रतं।
गंगांभो विलसज्जटं दशभुजं वंदे महेशं परम् ॥

रुद्र मन्त्र

ॐ नमो भगवते रुद्राय।

फल—एक लाख मन्त्र जप करने से यह मन्त्र सिद्ध होता है। यह मन्त्र गृहस्थ जीवन की समस्त इच्छाओं की पूर्ति करने में सहायक होता है तथा जीवन में वह धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष सभी का पूरा लाभ प्राप्त करने में समर्थ हो पाता है।

त्वरित रुद्र मन्त्र

यह मन्त्र शिव को प्रसन्न करने के लिए है। इससे साधक को शिव स्वयं साक्षात् दर्शन देते हैं तथा उसकी इच्छा को स्वयं पूर्ण करते हैं।

विनियोग

अस्य त्वरित रुद्र मंत्रस्य अथर्वण ऋषिः, अनुष्टुपछंदः, त्वरित रुद्र संज्ञिका देवता, नमः इति बीजम्, अस्तु इति शक्तिः, त्वरित रुद्र प्रीत्यर्थे जपे विनियोगः।

ध्यान

रुद्रं चतुर्भुजं देवं त्रिनेत्रं वरदाभयम्।
दधानमूर्ध्वं हस्ताभ्यां शूलं डमरुमेव च ॥
अंकसंस्थामुमां पद्मे दधानं च करद्वये।
आद्ये करद्वये कुंभं मातुलुंगं च बिभ्रतम् ॥

त्वरित रुद्र मन्त्र

ॐ यो रुद्रोऽग्नौ यो प्सुय ओषधीऽषुयो रुद्रो विश्वा भुवना विवेश तस्मै रुद्राय नमोऽस्तु।

फल—यह मंत्र शिव को अत्यन्त प्रिय है। सवा लाख मंत्र जप करने से यह मंत्र सिद्ध होता है। इसकी साधना में पूर्ण ब्रह्मचर्य पालन करना चाहिए। इस मंत्र के सिद्ध होने से सभी कार्यों में सिद्धि प्राप्त होती है और जिसके घर में पुत्र नहीं है इस मंत्र के अनुष्ठान से निश्चय ही पुत्र लाभ होता है।

विष्णु मंत्र

यह मंत्र उन साधकों के लिए अत्यन्त अनुकूल है जिनके इष्ट कृष्ण या विष्णु हैं। यह मंत्र सरल होने के कारण प्रत्येक गृहस्थ के लिए उपयोगी है।

प्रत्येक गृहस्थ को दिनभर कार्य करते हुए भी इस मंत्र का मन ही मन जप करते रहना चाहिए।

विनियोग

अस्य मंत्रस्य साध्य नारायण ऋषिः, देवी गायत्री छन्दः, विष्णु देवता, सर्वेष्ट सिद्धये जपे विनियोगः।

ध्यान

उद्यत्कोटि दिवाकराभमनिशं शंखं गदां पंकजम्।
चक्रं बिभ्रतमिन्दिरा वसुमती संशोभि पार्श्वद्वयम्।
कोटीरांगद हार कुंडलधरं पीतांबरं कौस्तुभो।
दीप्तं विश्वधरं स्ववक्षसि लसछ्रीवत्स चिह्नं भजे॥

विष्णु मन्त्र

ॐ नमो नारायणाय।

फल—यह मंत्र सरल होने के साथ-साथ प्रत्येक गृहस्थ के लिए उपयोगी है और पांच लाख मंत्र जपने से यह सिद्ध होता है।

द्वादशाक्षर विष्णु मंत्र

यह मंत्र गृहस्थ व्यक्तियों के लिए उपयोगी है और सभी प्रकार की समृद्धि देने में यह सहायक है। विशेष रूप से स्त्रियों के लिए यह मंत्र विशेष उपयोगी माना गया है।

विनियोग

अस्य मंत्रस्य प्रजापति ऋषिः, गायत्री छन्दः, वासुदेव परमात्मा देवता, सर्वेष्ट सिद्धये जपे विनियोगः।

ध्यान

विष्णुं शारद चन्द्र कोटि सदृशं शंखं रथांगं गदा -
मम्भोजं दधतं सिताब्ज निलयं कांत्या जगन्मोहनम्।

आबद्धा गदहार कुण्डल महा मौलि स्फुरत्कंकणम् ।
श्रीवत्सांकमुवारकौस्तुभधरं वंदे मुनींद्रैः स्तुतम् ॥

द्वादशाक्षर विष्णु मन्त्र

ॐ नमो भगवते वासुदेवाय ।

फल—यह मंत्र बारह लाख जपने से सिद्ध होता है। इससे गृहस्थ जीवन पूर्णतः सुखमय रहता है तथा मृत्यु के बाद वह निश्चय ही विष्णुलोक को जाता है।

राम मन्त्र

